e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 58
शुक्रवार
28.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

तूफान का आना भी जरुरी होता है जिंदगी में, तभी पता चलता है कौन हाथ पकड़ता है और कौन हाथ छोड़ जाता है!

## क्विक न्यूज

### मोबाइल टावर में मृत मिला टेक्नीशियन

**बिजनौर** : थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव गढ़ी मानियावाला में स्थित मोबाइल टावर पर कार्यरत एक युवक का शव मिलने पर ग्रामीण सकते में आ गये, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला गढ़ी मानियावाला गांव का है जहां एयरटेल कम्पनी का मोबाइल टावर है जिस पर मृतक संदीप टेक्निशियन का काम करता था तथा रात्रि में भी यही सोता था, संदीप पुत्र तारा सिंह गांव गंगवाली थाना नगीना का निवासी है। पुलिस की सूचना पर परिजन पहुंच गए हैं। पुलिस आत्महत्या का मामला मानकर चल रही है वहीं परिजन शंका व्यक्त कर रहे है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच की जायेगी बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### महाकुम्भ में आस्था और आर्थिकी का विजन साकार हुआ : योगी आदित्यनाथ

**महाकुम्भनगर**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर गुरुवार को डिजिटल मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के साथ संवाद किया और महाकुम्भ को वैश्विक इवेंट बनाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि वास्तव में महाकुम्भ प्रयागराज एक वैश्विक इवेंट बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप यह कार्य करने में हमें जो सफलता प्राप्त हुई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## राज्यपाल के अभिभाषण पर हुए वाद-विवाद के बाद विपक्ष के सवालों का सीएम ने दिया जवाब

# गरीब -पिछड़ों का कल्याण हमारी प्राथमिकता : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य का हर गरीब और पिछड़ों का कल्याण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनके इसी तरह के संकल्पों के कारण सत्ता फिर उन्हें मिली है। मुख्यमंत्री ने यह बातें गुरुवार को बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर हुए वाद-विवाद के बाद विपक्ष के सवालों के जवाब में कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जाति और धर्म से उपर उठकर काम कर रही है। हमारी विशेष नजर राज्य के कमजोर वर्गों पर है।उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद राज्य को ऐसी कीचड़ में धकेल दिया दिया गया कि उसे निकालने में उनकी सरकार को पसीने छूट गए। उन्होंने कहा कि सरकार का कोई भी सही फैसले को विपक्ष सराहना नहीं करता, बल्कि विपक्ष का काम केवल कटाक्ष करना रह गया है। मुख्यमंत्री ने गढ़वा के विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि रिम्स में इलाज के लिए मरीज सीधा दूसरे जिलों से आ सकते हैं। उन्हें बीच में दूसरे सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए नहीं रोका जाता है। ऐसा कोई सरकारी आदेश नहीं है। यदि किसी ने इस तरह का आदेश जारी किया है तो उसपर सरकार जरूर कार्रवाई करेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस मुहैया करानेवाला झारखंड देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि रिम्स को लेकर आये दिन खबरें मिलती रहती हैं। यह स्थिति यहां मरीजों की अत्यधिक भीड़ के कारण पैदा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले पांच वर्षों में रिम्स का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लोड को कम करने के लिए रांची में एक और मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की यह शुरूआत है। विपक्ष को अभी बहुत फील्डिंग करनी है।सरकार विपक्ष के हर बॉल पर छक्का मारेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खेलों के विकास के लिए केंद्र सरकार अकेले गुजरात को कुल राशि का 30 प्रतिशत पैसा देती है, जबकि झारखंड को महज 20-30 करोड़ ही मिलते हैं, जबकि यहां के खिलाड़ी हमेशा मेडल प्रासं करते रहते हैं।भाजपा विधायक सीपी सिंह की ओर से बालू नहीं मिलने के सवाल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब देते हुए आरोप को निराधार बताया।

### विधानसभा में 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट हुआ पेश

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। इससे पहले, उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और वित्त लेखे भी सदन में प्रस्तुत किए। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख रुपये, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख रुपये, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख रुपये, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को 180.75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।



### मॉब लिंचिंग बिल और ऊर्दू, अरबी, फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना की मांग उठी

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को सदन में विधायक प्रदीप यादव ने मॉब लिंचिंग बिल को सदन में फिर से रखने और ऊर्दू, अरबी व फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की मांग उठाई। इस पर मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि सरकार शेख भिखारी के नाम से अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना पर विचार कर रही है। जल्द ही मदरसा बोर्ड का भी गठन किया जाएगा।अल्पसंख्यों के एमएसडीपी योजना के तहत पांच साल तक एक भी योजना नहीं लेने के सवाल पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि कोरोना और राजनीतिक अस्थिरता के दौर के कारण इसकी बैठक नहीं हो पाई। 3 मार्च को इसकी बैठक होगी। आमिल-फाजिल को रांची यूनिवर्सिटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### एल खियांग्ते बने जेपीएससी के नए अध्यक्ष



**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग को नया अध्यक्ष मिल गया. राज्य के पूर्व मुख्य सचिव एल खियांग्ते जेपीएससी के नये अध्यक्ष होंगे. राज्य सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इसकी मंजूरी प्रदान कर दी.राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि अध्यक्ष के मनोनयन से राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी और आयोग द्वारा सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप समयबद्ध और सुचारू रूप से हो सकेगा.इसके साथ ही आयोग की कार्य प्रणाली में गति एवं पारदर्शिता आएगी.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105



स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-347316 (Jharkhand State Arogya Society) 24-25

# टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के एक कमांडर को गिरफ्तार किया है जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने 652 गोलियां बरामद की हैं. गिरफ्तार नक्सली ने पलामू पुलिस के सामने कई बड़े खुलासे किए हैं. बरामद गोली थ्री नॉट थ्री की है. टीएसपीसी के नक्सलियों ने इसे जंगल में छिपा रखा था। दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र भुइयां मनातू थाना क्षेत्र के नागद स्थित अपने घर आने वाला है. इस सूचना के आलोक में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह और एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में टीएसपीसी के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया. इसी सर्च में मनातू थाना क्षेत्र के सिकदा में एक व्यक्ति चादर ओढ़कर जा रहा था. पुलिस ने जब उसे रोका तो वह भागने लगा. बाद में पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र भुइयां के रूप में हुई. उपेंद्र भुइयां की निशानदेही पर 652 गोलियां बरामद की गई हैं. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार उपेंद्र भुइयां के पास से 652 गोलियां बरामद की गई हैं. उपेंद्र भुइयां पर 12 मामले दर्ज हैं और वह पहली बार पकड़ा गया है. उपेंद्र को टीएसपीसी द्वारा छिपाई गई।2024 में चतरा में अफीम की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान टीएसपीसी ने पुलिस कर्मियों पर हमला किया था. इस हमले में दो पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे. इसमें उपेंद्र के भी शामिल होने का आरोप है. उपेंद्र 15 लाख रुपये के इनामी नक्सली आक्रमण गंझू दस्ते का सदस्य था. आक्रमण गंझू के घर से उपेंद्र का घर 100 मीटर की दूरी पर है. सर्च ऑपरेशन में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अनीश राज, संतोष कुमार गुप्ता शामिल थे. उपेंद्र 2014 में टीएसपीसी के बल दस्ते में शामिल हुआ था।

# आनवी फैशन बाजार प्रतिष्ठान का उद्घाटन जीप सदस्य ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल के अंतर्गत सरईडीह बाजार जैसे अति सुदूरवर्ती इलाके में आनवी फैशन बाजार व कपड़ा बाजार की प्रतिष्ठान की उद्घाटन नौड़ीहा बाजार के जिला परिषद सदस्य श्री सुदामा पासवान, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद, करकट्टा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान ने संयुक्त रूप फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। मौके पर मौजूद जीप सदस्य सुदामा पासवान ने कहा कि अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्रतिष्ठान की खुलना लोगों की सुविधा को दर्शाता है अच्छें क्वालिटी की कपड़े खरीदने के लिए प्रखंड मुख्यालय नौड़ीहा बाजार जाना पडता था। इस दुकान खुलने से लोगों की कम से कम नौड़ीहा बाजार जाने से बचें और अच्छें क्वालिटी की कपड़ा की खरीदारी कर सके। मौके पर पूर्व जीप सदस्य सीता राम पासवान, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, दुकान की प्रो बिनोद कुमार, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, पंकज कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नगर में पेयजल संकट के मद्देनजर अविन्द गुप्ता ने कार्यपालक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर नगर पंचायत में हर साल होने वाले पेयजल संकट के मद्देनजर सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने पानी कि समस्याओं को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी को सात सूत्री ज्ञापन सौप कर ध्यान आकृष्ट कराया है उनमें छतरपुर के पांच पांडव पहाड़ी पर स्थापित पीएचईडि विभाग द्वारा निर्माणाधीन पानी टँकी को शुरू करा कर पेयजल करने की दिशा में पहल करने, खराब पड़े चापानलों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत करवाने रामगढ़, लोहराही, मसिहानी, सड़मा, भैंसाखांड़, मंदेया, दुखत टोला, बाज़ार परिसर, बस स्टैंड शिव मंदिर रोड, मदनपुर, खाटीन में लगाये गए कई सोलर जलमीनार खराब पड़े हैं, वारंटी होने के बाद भी सम्बंधित संवेदक ने उसकी सुध नहीं ली, फलतः वे सभी जलमीनार बेकार पड़े हैं, उनकी मरम्मत करा कर पेयजल किल्लत दूर करने की दिशा में नगर पंचायत द्वारा पहल करने। इलाके के अत्यंत ड्राई जोन को चिन्हित कर नगर में उपलब्ध सभी टैंकरों की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति हेतू रोड मैप तैयार करने। शहर में लगाई गई सभी इलेट्रॉनिक प्याऊ मशीनें खराब पड़ी हैं, कई तो तोड़ दिए गए हैं, उनके इंस्टॉलेशन में भी भारी गड़बड़ी की गई है, उनकी मरम्मत करवा कर इलेक्ट्रॉनिक प्याऊ को शुरू करवाने। रामगढ़, बस स्टैंड, बाजार में खराब हो चुकी हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत करवाने। नगर के विभिन्न वार्डों में लगाए गए दर्जनों सोलर स्ट्रीट लाइटें चोरी कर ली गयी हैं जिनकी सुध लेने की आवश्यकता है, साथ ही इस आशय की प्राथमिकी भी दर्ज करने की मांग अरविन्द ने की है। मांगपत्र सौंपने के बाद अरविंद ने पत्रकारों को बताया कि नगर में कई तरह के टैक्स देने के बाद भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। जनता की समस्याओं की सुध नहीं ली गयी तो वे आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

# गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में महासचिव पद के लिये परेश तिवारी ने किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी (सरकारी अधिवक्ता) ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों और अधिवक्ता समुदाय के कई वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति रही। नामांकन दाखिल करने के बाद परेश तिवारी ने सभी अधिवक्ताओं से आशीर्वाद एवं समर्थन की अपील की। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद परेश तिवारी ने संघ के अन्य अधिवक्ताओं से मुलाकात की और चुनाव में अपना समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता समाज की एकता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें महासचिव पद की जिम्मेदारी मिलती है तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संघ को अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे जिससे सभी अधिवक्ताओं को समान अवसर और न्यायसंगत सुविधाएं मिल सकें। नामांकन दाखिल करने के बाद परेश तिवारी का समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिवक्ता संघ के कई सदस्यों ने उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की। इस दौरान परेश तिवारी ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी ने जो स्नेह और आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं हृदय से कृतज्ञ हूं। आप सभी का सहयोग और समर्थन ही मेरी ताकत है। मैं वचन देता हूं कि अधिवक्ताओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हरसंभव कार्य करूंगा।

# शिव व शक्ति के मिलन का पर्व है शिवरात्रि : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महाशिवरात्रि के मौके पर शहर के विभिन्न जगहों पर शिव बारात में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुआ। समिति के अध्यक्ष पगड़ीपोशी अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। शिव बारातियों, शिव भक्तों, दर्शकों को संबोधित करते हमने कहा शिवपुराण के अनुसार महाशिवरात्रि निराकार से आकार रूप में भगवान शिव को प्रकट होने का दिन हैं। महाशिवरात्रि का दूसरा महत्व यह है कि भगवान शंकर सती के निधन के बाद वैराग्य को त्याग कर पार्वती से शादी कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किए और संसार के सामने आदर्श विवाह के मिशाल पेश किए। हम सभी शिव कि शादी में शिरकत तो करते हैं लेकिन एक कठोर सत्य यह है कि उनसे प्रेरणा नहीं लेते हैं बल्कि परंपरा को ढोते हैं। वर्तमान दौर में महिला हिंसा कि जितनी तादाद बढ़ी है, दहेज के कारण बेटियों को गर्भ में ही मारने



का मानो ट्रेंड चल गया, भ्रूण हत्याएं हो रही है। इन सबों को भगवान शिव से सिख लेना चाहिए कि पिता पार्वती को यथोचित स्थान नहीं दिया तो महिला सम्मान में शिव तांडव कर दिए। लेकिन आज के संदर्भ में देखें तो पता चलता है जो लड़की जिस लड़का से मोहब्बत किया शादी के लिए इंतजार किया वह लड़का दैहिक शोषण कर शादी से इनकार कर गया। पर शिव ऐसा नहीं किए लंबी तपस्या के बाद शिव पार्वती से शादी किए। आज के वी आई पी कल्चर नहीं बल्कि आज के दलित शोषित पीड़ित कल के भूत पिचाश उनके बाराती थे। लोक कल्याण के लिए हालाहल को हलख में सुखा दिए, लेकिन आज का हाल क्या है? निजी संपति अर्जन के लिए किसी को भी जहर दे दो। इसलिए महाशिवरात्रि कई एक मामले में सबक लेकर आता है। हम सबों को शिव के मार्ग को अनुशरण करना चाहिए। सबों को गले लगाना चाहिए। हर हर महादेव हर समस्या के समाधान हैं। शिव सा समन्वय बना कर समाज कल्याण में अपनी ऊर्जा खपत करना चाहिए ताकि प्रेम भाईचारा बना रहे। जय महादेव।

# श्री शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न, भंडारा का आयोजन हुआ



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कुकही टोला मुगल जान में नवनिर्मित श्री शिव मंदिर मे शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य दिनेश पाठक जी ने मुख्य यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं उनकी धर्म पत्नी आरती देवी के द्वारा हवन आरती कराते हुए संपन्न कराई। आचार्य दिनेश पाठक जी ने मंत्र उच्चारण, आरती एवं इलाके के सभी श्रद्धालु, पुरुष, महिलाएं बच्चों ने शिव, पार्वती जी एवं हर हर महादेव की जयकारा लगा कर पूरे इलाका को गुंजायमान किया। इस शुभ अवसर पर मुगल जान के कई शिव भक्तों ने शिव मंदिर के प्रांगण में आचार्य दिनेश पाठक जी से गुरु दिक्षा भी ली। आचार्य जी ने भक्तों को शिवजी एवं देवी देवताओं के प्रति विधिवत वैदिक मंत्रों का पाठ सिखाई। प्राण प्रतिष्ठा में इलाके के अखंड कीर्तन मंडली भी पूरे रात हरे राम हरे कृष्ण के धुन से इलाके को गुंजायमान किया एवं 24 घंटे से चल रही अखंड को भी आचार्य जी ने पूर्णाहुति एवं समाप्ति कराई। प्रांत प्रतिष्ठान के कार्यक्रम जो चार दिनों से चल रही थी इसे संपन्न कराने में पुर्व सैनिक मुख्य अजमा लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद धर्म पत्नी आरती देवी के अलावा पूर्व सैनिक महेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, दिनेश कृष्ण प्रसाद, अजय प्रसाद, वेदांत प्रसाद मुगल जान के सारे महिलाएं बच्चे बच्चीयां सामील रहे। अखंड किर्तन मे इलाके के श्री बीघा, मीर बीघा, कुकही भैसना, सरगरडा, शरहु गांव के तामाम भक्तों ने अपनी भक्ति एवं श्रद्धा का परिचय देते हुए रात भर हरे राम हरे कृष्णा धुन से इलाके को भाव विभोर किया। इस मे मुख्य रूप से दिनेश राम रामप्रवेश राम, हरि चंद्रवंशी संतोष सिंह, दिनेश सिंह गुर्जर साहब भोला, भोला पासवान राजेश मेहता। शिव कुमार सिंह, ललन मेहता, संतोष मेहता, सुभाष प्रसाद मनोज प्रसाद, सुदर्शन मेहता, राजेश मेहता, अविनाश मेहता, राम जी मेहता लखन शर्मा, सरयू चौधरी इत्यादि और अपने महिलाएं बच्चे शामिल रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद महा भंडारा की आयोजन कीगइ इलाके के भक्तों ने अपनी सनातनी के परिचय देते हुए भंडारा मे पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

# हुसैनाबाद के आशुतोष धाम से निकाली गई भव्य शिव बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** महाशिवरात्रि के अवसर पर जपला रेलवे परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर प्रबंधन द्वारा भव्य शिव बारात झांकी निकाली गई। बैंड बाजा बाजा के धुन पर नाचते गाते भक्तो की भीड़ शिव बाराती बनी। बारात की शुरुआत मंदिर परिसर से पंडित शम्भू पाठक द्वारा बैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया। शिव बारात मंदिर परिसर से शुरू होकर जेपी चौक होते हुए मुख्य बाजार का भ्रमण किया। जहां जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शिव बाराती का स्वागत किया गया। बरात में भगवान शिव, माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गई।हर-हर महादेव के जयघोष और भक्तिगीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। दर्जनों जगहों पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने बरात का स्वागत किया। जयकारों से शहर का माहौल शिवमय हो गया। शिव मंत्रों और गीतों की धुन पर श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे. पूरा हुसैनाबाद क्षेत्र हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिझा, जेपी प्रसाद, जेपी यादव, युगेश प्रसाद यादव, समाजसेवी राजेश्वर सिंह, रवि यादव, संतोष ठाकुर, छोटेलाल गुप्ता, राकेश कुमार, संजय सिंह, मिथलेश कुमार, सुनील राय, अरुण कुमार, नरेंद्र सिंह समेत कई अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# फिल्म अभिनेत्री के हाथों पटना में सम्मानित होंगे तिरंगा वाले शौकत खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गरीबों के मसीहा कहें जाने वाले झारखंड के लाल तिरंगा वाले शौकत खान को पटना में नौ मार्च को हिन्दी फिल्म कि सुपर स्टार अभिनेत्री सह सांसद जया प्रदा सम्मानित करेंगी। राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने बताया कि मेरे लिए गौरवान्वित भरा संदेश आया है। पटना से मेरे निस्वार्थ सेवा कार्यो को मिलेगा सम्मान बीईबी के मंच पर पटना में फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा के हाथों बीईबी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से नवाजे जाएंगे। बताते चलें कि सेना और शहीदों के सम्मान में लगातार दस वर्षो से भी अधिक समय से हजारों लाखों अनेक सराहनीय सेवा कार्य करते हुए देश दुनिया में अपना परचम लहराने वाले शौकत खान को अब तक सैकड़ों सम्मान और अवार्ड पुरस्कार मिल चुका है। शौकत खान कि सेवा कार्यो कि बात करें तो इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कई अनोखे कार्य किये है। जिसमें से मुख्य हैं हर घर तिरंगा जिसे शौकत खान ने आज से ग्यारह वर्ष पूर्व राष्ट्रीय




तिरंगा सम्मान समारोह के नाम देकर हर घर तिरंगा कि शुभारंभ किया। अब तक दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज भेंटकर शौकत खान ने देशभर में इतिहास रच दिया। जिससे भारत सरकार ने भी आजादी कि अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा लगाने का ऐतिहासिक पहल किये था। भारत सरकार के इस अनोखे पहल को तिरंगा वाले शौकत खान ने सैकड़ों मंच से आभार व्यक्त किया है। उसके बाद शौकत खान ने गरीबों के लिए निशुल्क कपड़ा बैंक कि शुभारंभ 2015 में किया।देखते देखते कपड़ा बैंक इतना प्रसिद्ध हो गया कि अब तक शौकत खान ने देशभर में हजारों जगहों पर निशुल्क कपड़ा बैंक खोलवाकर देश भर के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकें हैं। उन्होंने अब तक दस साल में दस लाख से अधिक गरीबों को अपने कपड़ा बैंक गढ़वा से मदद कर चुके हैं। इतना ही नहीं शौकत खान गरीबों के लिए निशुल्क चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक भी प्रतिदिन संचालित करते हैं। सबसे बड़ी बात शौकत खान कि ये है कि ये किसी से भी आर्थिक सहयोग नहीं लेते हैं और इनका कोई एनजीओ भी नहीं है और ना ही किसी राजनीतिक से सम्बन्ध रखते हैं। ये निस्वार्थ भाव से पिछले ग्यारह वर्षो से सेवा कार्य करते आ रहे हैं और इनका साथ देते हैं इनके पुत्र साजिद खान और इनके परिवार के सदस्य। इनका सेवा कार्य झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष कुमार तिवारी जी के नाम पर समर्पित है।

# आनवी फैशन बाजार प्रतिष्ठान का उद्घाटन जीप सदस्य ने किया



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल के अंतर्गत सरईडीह बाजार जैसे अति सुदूरवर्ती इलाके में आनवी फैशन बाजार व कपड़ा बाजार की प्रतिष्ठान की उद्घाटन नौड़ीहा बाजार के जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद, करकट्टा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान ने संयुक्त रूप फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। मौके पर मौजूद जीप सदस्य सुदामा पासवान ने कहा कि अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्रतिष्ठान की खुलना लोगों की सुविधा को दर्शाता है अच्छें क्वालिटी की कपड़े खरीदने के लिए प्रखंड मुख्यालय नौड़ीहा बाजार जाना पडता था। इस दुकान खुलने से लोगों की कम से कम नौड़ीहा बाजार जाने से बचें और अच्छें क्वालिटी की कपड़ा की खरीदारी कर सके। मौके पर पूर्व जीप सदस्य सीता राम पासवान, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, दुकान की प्रो बिनोद कुमार, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, पंकज कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# वन विभाग के जमीन मे लगी अफीम की खेती को नौड़ीहा बाजार पुलिस ने किया नष्ट किया


**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार में लगातार नौड़ीहा बाजार के पुलिस ने अफीम की खेती को ट्रैक्टर लगा कर नष्ट करने सफल रहा। अफीम की खेती को नष्ट करने की खबर अखबार की सुर्खिया में देखने को मिला रहा है। नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के रतनाग मे वन विभाग की भूमि मे चार एकड़ में लगी अफीम खेती को थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में नष्ट किया गया।

## हुसैनाबाद अनुमंडल भवन में संचालित हुआ कैंप कार्यालय, पदाधिकारियों ने सुनी आमजनों की समस्याएं

# कैंप कार्यालय के उमड़ी लोगों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद में आयोजित कैंप कार्यालय के माध्यम से सीधा जनता से रू-ब-रू होने का अवसर मिला। यहा विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निष्पादन किया। त्वरित निष्पादन योग्य नहीं रहने वालों मामलों को निर्धारित समयावधि में निष्पादन किया जाएगा और संबंधित लोगों को लाभ प्रदान किया जाएगा। कैंप कार्यालय के आयोजन से लोगों को अधिकाधिक लाभ प्रदान किया जा रहा है। जनता जिलास्तर पर आयोजित जनता दरबार या अन्य कार्यालयों में जाने से बच पाएंगे। इससे उनका समय एवं रूपये दोनों की बचत होगी। इस समय एवं राशि से आमजन अपने विकास कार्यो में लगा सकेंगे।? कैंप



कार्यालय के आयोजन से जिले में विकास कार्यो को गति मिलेगी। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान बोल रहे थे। उपायुक्त ने अनुमंडल कार्यालय सभागार में सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड, अंचल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निदेश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से लेकर जमीन से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं विभिन्न आवास योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निदान किया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने हुसैनाबाद टाउन हॉल का निरीक्षण किया।उपायुक्त शशि रंजन सहित जिले के सभी कार्यालयों को यहां स्थापित कर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जनसमस्याएं सुनी गई। साथ ही समस्याओं का निष्पादन किया गया। उपायुक्त ने खुद भी समस्याओं को सुना और संबंधित आवेदनों को स्थानांतरित कर संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का निदेश दिया। उपायुक्त के समक्ष देवरी कला के मोहसिन इदरीसी ने जलमिनार मरम्मत कराये जाने संबंधी आवेदन दिए। वहीं हैदरनगर सड़ेया के विजय विश्वकर्मा ने आवेदन देकर पत्नी सुनीता देवी के नाम पर आवंटित अबुआ आवास का निर्माण कराने हेतु आवश्यक पहल करने की? मांग रखी। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि जिस जमीन पर आवास का निर्माण किया जाना है, उसपर दूसरे व्यक्ति ने दावा किया है। इसके अलावा दरूआ गांव निवासी अवधेश सिंह ने व्यापार मंडल में बेचे गए धान का पैसा नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं सैदाबाद के राजेश कुमार सिंह ने आवेदन देकर जबरदस्ती मकान के निर्माण कार्य को अवरोध किए जाने संबंधी शिकायत की। इसके अलावा अन्य सैकड़ों लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याएं रखी। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किए जाने की पहल की गई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### अपूर्वा मिश्रा ने 99.91 प्रतिशत से पास की जूनियर रिसर्च फेलोशिप पास की

**रांची** : रांची शहर की के के मिश्रा की पुत्री अपूर्वा मिश्रा ने जूनियर रिसर्च फैलोशिप की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। यूजीसी द्वारा आयोजित नेट की परीक्षा में 99.91 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होकर जेआरएफ क्वालिफाई किया है।

### पूरे राज्य में बालू की किल्लत

**रांची:** राजधानी सहित पूरे राज्य में बालू की जबरदस्त किल्लत है। बालू की कमी के कारण कई प्रोजेक्ट्स रुक गए हैं। लोग मनमानी कीमत पर बालू खरीदने को विवश हैं। राज्य के 444 बालू घाटों में से करीब 150 घाटों के लिए एग्रीमेंट हो गया है। लेकिन 30 घाट ही चालू हैं। 28 घाटों को शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बावजूद लोगों को बालू नहीं मिल रहा है। उधर, झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भी इस पर बवाल मच रहा है। विपक्ष सरकार को घेर रहा है। इसी बीच भास्कर ने बालू के हालात पर पड़ताल की तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। पता चला कि बिहार का बालू सस्ता और सुलभ है। रांची में रोजाना बिहार से करीब 300 हाइवा बालू आ रहा है। एक हाइवा में 550 सीएफटी बालू होता है, जो 30 हजार रुपए में मिल रहा है। जबकि झारखंड के बालू के लिए प्रति हाइवा 40 हजार रुपए देने पड़ रहे हैं। यही नहीं, सिर्फ एक फोन कॉल पर बिहार का बालू घर तक पहुंच रहा है। वहीं झारखंड के बालू के लिए लोगों को माथापच्ची करनी पड़ रही है। ब्रोकरों का कहना है कि झारखंड में ऊपर से नीचे तक पूरे सिस्टम को मैनेज करना पड़ रहा है। इस कारण वे ज्यादा पैसे ले रहे। जबकि बिहार से बिना परेशानी के बालू आ रहा है। 30 हजार रुपए में बेचने पर भी उन्हें मुनाफा हो रहा है।

# दो अस्पतालों का किया गया जांच, री असेसमेंट कराने का दिया गया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत लगातार घृतिकर व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में 27.02.2025 को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम की टीम के द्वारा वार्ड नं0 35, स्थित देवकमल अस्पताल एवं वार्ड नं0 33, स्थित सिटी ट्रस्ट अस्पताल की जांच की गई। जांच क्रम में पाया गया कि दोनों अस्पतालों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के चतुर्थ तिमाही तक का भुगतान किया हुआ है परन्तु, इनके द्वारा पूर्ण होल्डिंग के उपभोग की प्रकृति के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही निगम की टीम के द्वारा परिसर की मापी की गई जिसपर



क्षेत्रफल में अंतर पाया गया।पूर्व में देवकमल अस्पताल द्वारा 15376.80 स्क्वेरफीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 25959 स्क्वेरफीट. क्षेत्रफल पाया गया।पूर्व में सिटी ट्रस्ट अस्पताल द्वारा 22710 स्क्वेरफीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 66775 स्क्वेरफीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक के द्वारा दोनों अस्पताल को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए घृतिकर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जांच टीम में सहायक प्रशासक श्री चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता एवं एजेंसी के कर संग्रहकर्ता उपस्थित थे।

### 12 लाख रुपए का भुगतान पेनल्टी के साथ किया गया

रांची नगर निगम की जांच टीम के द्वारा 15.02.2025 को सेंट्रो मॉल की जांच की गई थी एवं प्रबंधन को री असेसमेंट कराते हुए कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि 25.02.2025 को सेंट्रो मॉल के द्वारा री असेसमेंट कराते हुए रांची नगर निगम को लगभग 12 लाख रुपए का भुगतान पेनल्टी के साथ किया गया।सभी सम्मानित नागरिक अपने भवन के घृतिकर का भुगतान ससमय करना सुनिश्चित करें।यदि रेसिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें।सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें।अगर अपने भवन परिसर में किसी नई संरचना का निर्माण किया गया है, तो उसके क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना सुनिश्चित करें।

# रक्तदान शिविर सह मेडिकल कैंप का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अनुमण्डल कार्यालय, सदर, रांची समाहरणालय भवन (ब्लॉक बी) के द्वितीय तल पर कमरा सं0 215 में रक्तदान शिविर - सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में कुल 20 पदाधिकारियों,कर्मचारियों के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया । साथ ही कुल 76 पदाधिकारियों, कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई।

मुख्य रूप से ब्लड सुगर, बी0 पी0 एवं सर्वाइकल कैंसर आदि की जांच की गई।आयोजकों ने लोगों को नियमित रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कैप में मुख्य रूप से श्री प्रवीण सिंह डीपीएम , सदर अस्पताल राँची, अतुल गेडा, डा0 नीलम वर्मा एवं सदर अस्पताल तथा इंडिया टूडे ग्रुप के कर्मी उपस्थित थे ।

# बजट सत्र : विधायक ने बिजली के जर्जर तारों का मामला उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को विधायक जयराम महतो ने बिजली आर्पूति की बदहाली और जर्जर तारों का मुद्दा उठाया। उनके इस सवाल का मंत्री योगेन्द्र सिंह ने जवाब दिया। सदन में विधायक महतो ने बिजली विभाग के कारनामों पर सवाल उठाते हुए कहा कि फरवरी-मार्च के महीने में सभी विभाग वसूली करते हैं क्या। बिजली विभाग ने 40 हजार रुपये का जुर्माना किया है। पूरे राज्य में पुराने जर्जर तार को कब बदला जाएगा। ट्रांसफरमर जलने पर विधायकों को अनुशंसा करनी पड़ती है। विधायक महतो के इन सवालों का प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने जवाब दिया। मंत्री ने कहा कि ट्रांसफार्मर और तार बदलने के लिए विधायकों की अनुशंसा की जरूरत नहीं है। टोलफ्री नंबर, व्हाट्सएप नंबर और बिजली वितरण निगम के वेबसाइट पर इसकी सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि आरडीएसएस स्कीम के तहत 439.102 सर्किट किलोमीटर तार बदला गया है। समय-समय पर पुराने तार भी बदले जा रहे हैं। विधायक मनोज कुमार यादव ने चंदवारा प्रखंड के खांडी, कोटवाडीह, जामुखांडी और उरांवा में सिंचाई सुविधा की मांग की। इस पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि जल्द ही इस क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा।

# प्रदीप यादव ने अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक स्तर पर मंत्री से पूछा सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन 27 फरवरी को ध्यानाकर्षण के जरिए गठबंधन सरकार में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने अपने ही गठबंधन में शामिल सरकार के मंत्री को सदन में घेरा। प्रदीप यादव ने अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन से सवाल किया। प्रदीप यादव ने अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, समाजिक, आर्थिक स्तरों में सुधार, अल्पसंख्यक स्कूलों में खाली पड़े पद, मदरसा शिक्षक बहाली, एमएसडीपी योजना, उर्दू विश्वविद्यालय का गठन का मामला उठाया। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि अल्पसंख्यक मंत्री अल्पसंख्यकों को काफी उम्मीदें है, बावजूद इसके इसमें कुछ सुधार होता नहीं दिख रहा है। मंत्री को यह बताना चाहिए कि एमएसडीपी योजना का लाभ क्यों नहीं मिला, 2018-2019 में कितने राशि आया था156 करोड़ राशि का क्या हुआ। बाद में यह योजना का लाभ केंद्र सरकार से क्यों नहीं लिया गया, अगर लिया गया और केद्र ने सहयोग नहीं दिया तो यह बताना चाहिए। प्रदीप यादव ने आगे कहा कि उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं हो रही है। शहीद शेख भिखारी उर्दू विश्वविद्यालय खोला नहीं खोला गया । मॉबलिचिंग कानून जब राजभवन से लौटाया गया, तो पुनः इसे भेजा जाना चाहिए जो नहीं हुआ। इन सभी सवालों पर घिरे नजर आए अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन। मंत्री हफीजुल हसन ने विधायक प्रदीप यादव के सभी सवालों का जवाब स्पष्टिपूर्वक नहीं दे सके। हफीजुल ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल चले गये, फिर चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने तो नोटिफिकेशन बैठक का हुआ, फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बन गये, चुनाव आ गया, जो काम हुआ कब्रिस्तान घेराबंदी कराये, छात्रावास बनाए। तीन मार्च को फिर हमलोग बैठक करेंगे। इन जवाब से प्रदीप यादव मंत्री हफीजुल के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और बताया कि जहाँ छात्रवास की बात है तो 14 छात्रावास है जिसमें तीन सरकार के पास है, बाकी नीजी संचालित है जो शुल्क लेती है।

# जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर छात्र नेताओं ने जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** छात्र ने देवेंद्र महतो ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष पद पिछले 6 महीनों से खाली था। जिसे अब राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद राज्यपाल के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दिया गया है। पूर्व मुख्य सचिव एल ख्यांगयते को आयोग का नया अध्यक्ष बनाया गया। आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर राज्य में आंदोलन जारी था। पिछले 22 फरवरी को छात्रों एवं शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन डिजिटल ट्विटर कैंपियन किया गया था।

**एल. ख्यांगते को जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर छात्र नेताओं ने मुख्यमंत्री को दी बधाई:** वहीं अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर एल ख्यांगते को नियुक्त करने पर आजसू सहित राज्य के सभी छात्र छात्राओं की और से उन्हें धन्यवाद एवं शुभकामनाएं व्यक्त प्रकट करते हुए कहा है ।

**अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री का जताया आभार:** अबुआ अधिकार मंच के संयोजक गौतम सिंह ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में अध्यक्ष पद की नियुक्ति की लंबे समय से हो रही मांग को पूरा करते हुए राज्य सरकार ने एल. ख्यांगते को जेपीएससी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# अहर्निश शिव संकीर्तन अष्टयाम का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवशिष्यों द्वारा पुराना विधान सभा मैदान एचईसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम का समापन हुआ। हर भोला,हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से पुराना विधान सभा के क्षेत्र का माहौल सुवासित हो उठा। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। वैश्विक



शिवशिष्य परिवार की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है जिसमें पारस अस्पताल, धुर्वा के चिकित्सकों द्वारा आये हुए लोगों को निःशुल्क चिकित्सा एवम दवाई उपलब्ध कराई गई। तथा गरुड़ आई हॉस्पिटल के ओर से निःशुल्क नेत्र एवं दांत का उपचार किया गया। तथा होमियोपैथीक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में वैश्विक शिवशिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार श्री अर्चित आनन्द ने महती भूमिका निभाई,श्री अर्चित ने बताया की साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी और दीदी नीलम आनंद ने आज से 43 साल पहले इस संकीर्तन की शुरुआत की थी जो अनवरत होती आ रही है।इस शिवरात्रि देश/विदेश में तकरीबन 10 लाख घरों में सवा घंटा का शिव नाम संकीर्तन के आयोजन का हमलोगों द्वारा लक्ष्य रखा गया था जिसमे सभी शिव शिष्यों ने सहयोग कर सफल बनाया ।

# नेवरी से 17 किलोमीटर की श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 2 मार्च को, तैयारियां पुरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वाधान मे श्री श्याम प्रभु का ध्वजा निशान पदयात्रा की तैयारीयां पूरी कर ली गई है, श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के संयोजक गोपाल मुरारका एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 2 मार्च दिन रविवार को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे बाबा श्री श्याम का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो बूटी मोड़, बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अप्पर बाजार भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान अर्पित के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंगस से खाटू धाम की है। 2 मार्च को नेवरी जाने हेतु सुबह 6 बजे से 6~30 बजे तक हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था भी श्याम भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी। नेवरी धाम से रांची धाम तक की 17 कि.मी. की श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा में सैकड़ो श्याम भक्त शामिल होंगे। भक्तों के लिए यात्रा के मध्य में भक्तों के लिए विश्राम, शुद्ध पेयजल, शरबत, भोजन प्रसादी की अनुपम व्यवस्था की गई है। तथा पदयात्रा में श्याम भक्त पारंपरिक पोशाकों के साथ श्री श्याम ध्वजा को लहराते हुए सुमधुर भजनों से पूरे वातावरण को खाटू श्री श्याम भक्तिमय करेंगे। पूरे मार्ग में जगह-जगह कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा भी श्याम भक्तों का स्वागत किया जाएगा। इस यात्रा में जो भी भक्त सम्मिलित होना चाहते हैं वे अति शीघ्र संपर्क कर अपना नाम लिखवा कर ध्वजा पदयात्रा निशान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।



# भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में आज भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उपसमाहर्त्ता भूमि सुधार, एनएचएआई प्रतिनिधि, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, शहरी एवं ग्रामीण, अतिरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी बेड़ो एवं ओरमांझी उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जिला अंतर्गत पथ निर्माण विभाग एवं एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली गयी। विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित भूमि के एवज में प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने शेष रैयतों को यथाशीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ, नामकुम-डोरण्डा पथ, अरगोड़ा-कटहल मोड़ चौड़ीकरण, आईटीआई बस स्टैण्ड से संत फ्रांसिस स्कूल पथ निर्माण परियोजनाओं में उन्होंने मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिये। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा पथ निर्माण विभाग के शहरी एवं ग्रामीण के साथ एनएचएआई के पदाधिकारियों द्वारा किसी परियोजना में विधि-व्यवस्था से संबंधित मामला तो नहीं, इसकी भी जानकारी ली गयी। पथ निर्माण विभाग शहरी एवं भू-अर्जन कार्यालय को अरगोड़ा कटहल मोड़ पथ परियोजना में तेजी लाने हेतु निगर निगम, पीएचईडी आदि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

# राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में करेंगे। इस योजना के लाभुकों और उनके आश्रितों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाएगा। दिव्यांग आश्रितों को आजीवन इस योजना का लाभ मिलेगा।लाभुकों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक की अतिरिक्त सीमा कुल 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीमा राशि से अधिक खर्च होने पर कॉरपस फंड द्वारा भुगतान किया जाएगा।

विशेष परिस्थिति में राज्यकर्मी और सेवानिवृत्त कर्मियों का दुर्घटनाग्रस्त अथवा मरणासन्न स्थिति में तत्काल उच्चतर संस्थान में उपचार के लिए रेफर किए जाने की स्थिति में एयर एम्बुलेंस एवं वायुयान यात्रा की सहायता दी जाएगी। विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में



विशिष्ट अतिथि के रूप में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी उपस्थित रहेंगे। योजना का शुभारंभ होने के बाद एक मार्च से राज्यकर्मियों, रिटायरकर्मियों, विधानसभा के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत और सेवानिवृत्त पदाधिकारी, राजकीय विवि में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षक, निबंधित अधिवक्ताओं, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड, निगम, संस्थान, संख्या में कार्यरत सेवानिवृत्त नियमित कर्मी सहित अन्य लाभुकों और उनके आश्रितों को इसका लाभ मिलेगा।वहीं पत्रकारों ने भी मांग किया है लेकिन इस पर अब तक पहल नहीं हुआ है।

# कांग्रेस-झामुमो राज में झारखंड बना तुष्टिकरण की प्रयोगशाला : अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने हजारीबाग जिले के इचाक में महाशिवरात्रि के दिन हुई हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह हिंसा सिर्फ एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि यह पिछले पांच वर्षों की नीतियों और सोच का परिणाम है, जो धीरे-धीरे झारखंड को भीतर से कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह तुष्टिकरण की वही राजनीति है, जिसकी नींव कांग्रेस ने स्वतंत्रता से पहले ही रख दी थी, और अब झारखंड इस नीति का प्रयोगशाला बन चुका है।

अजय साह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और जेएमएम की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति विभिन्न रूपों में राज्य में दिख रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जबरन स्कूलों को शुक्रवार को बंद करवाना, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देना, स्लीपर सेल को राजनीतिक संरक्षण देना, आदिवासी लड़कियों को 'लव जिहाद' का शिकार बनाना, पॉपुलर



फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठनों का विस्तार और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण को बढ़ावा देना इसी नीति का हिस्सा हैं।साह ने 2022 में रांची में हुए दंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी में दिनदहाड़े उपद्रव हुआ था, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि उसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था। उन्होंने कहा कि 10 जून की उस घटना ने पूरे झारखंड में उपद्रवियों को यह संकेत दिया कि वे चाहे शहर को जला भी दें, सरकार उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगी।अजय साह ने आगे आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों ने झारखंड में अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों को पैर पसारने का अवसर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक सरकार के किसी भी मंत्री ने डॉ. इश्तियाक अहमद के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जो राज्य में अल-क़ायदा को बढ़ावा देने की वजह से गिरफ़्तार किया गया है।

# वारिस कुरैशी ने किया गुमला का दौरा, ली योजनाओं की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने गुमला जिला का दौरा कर जिला में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी गुमला जिला कल्याण पदाधिकारी से लिया। उन्होंने कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अल्पसंख्यक बेरोजगार नौजवानों को लोन की स्थिति, जिला में अल्पसंख्यक छात्रावास की स्थिति का जायजा लिया।वारिस कुरैशी ने जो योजनाएं अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चल रही है उसमें तेज़ी लाने और साथ ही नए अल्पसंख्यक योजनाएं बना कर राज्य को भेजने का भी निर्देश दिया।



# अवैध बालू लदा हाइवा समेत तीन वाहन जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

# बेड़ो थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध खनन पर कसा शिकंजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बेड़ो थाना पुलिस ने ग्राम बारीडीह के पास से एक अवैध बालू लदा हाइवा जब्त किया। इसके अलावा, पुलिस की रेकी कर रहे दो वाहन–बोलेरो और टाटा सूमो गोल्ड को भी जब्त किया गया।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम बारीडीह के पास से एक अवैध बालू लदा हाइवा गुजरने वाला है, जिसे सुरक्षित पार कराने के लिए बोलेरो और टाटा सूमो गोल्ड द्वारा रेकी की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वाहनों को रोक लिया और मौके पर ही हाइवा के चालक सहित रेकी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को बेड़ो थाना लाकर उनके खिलाफ अवैध खनन और परिवहन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और उसके अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध खनन या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## पिपरवार के बचरा झुला पुल के पास ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर दो कोल वाहनों के बीच हुई जोरदार टक्कर



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा झुला पुल के पास बीती रात ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर दो हाईवा डम्परों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कोयला लदे एक हाइवा डंपर सड़क पर ही पलट गया, जबकि दूसरे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से एक हाईवा डम्पर कोयला लेकर बचरा साईडिंग जा रहा था,वही दुसरा हाईवा डम्पर बचरा साईडिंग से कोयला अनलोड कर वापस सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी जा रहा था,इसी बीच बचरा झुला पुल के पास ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर तेज रफ्तार खाली हाईवा डम्पर ने कोयला लदे हाईवा डम्पर को टक्कर मार दिया।घटना मे कोयला लदा हाईवा डम्पर सड़क पर ही पलट गया।इस बीच चालक पलटे हुए डम्पर मे फंस गया।घटना के तुरंत बाद वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के साथ चालक को डंपर से बाहर निकाला गया।घटना में चालक को मामूली चोटे आयी।इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।वहां मौजूद लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई है।इधर घटना की सूचना पाकर संबंधित कंपनी के लोग एवं स्थानीय सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।घटना के बाद कुछ घंटे के लिए ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर कोयला ढुलाई का काम बंद हो गया।लेकिन कुछ घंटे के बाद ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर कोयला ढुलाई का काम पुनः प्रारंभ हो गया।

# शिवालयों में हुआ जलाभिषेक, जीआरपी द्वारा धुमधाम से शिव बारात निकाला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** शिवरात्रि को लेकर भेलवा टुंगरी, आरपीएफ बैरेक, जीआरपी बैरेक, सिल्ली थाना शिव मंदिर, मुरी ओपी शिव मंदिर,टुंगरी पहाड़,पंप हाउस, लहरिया बाबा, कोचों पहाड़,देलबेड़ा मंदिर ,मुरिकेश्वर मंदिर, मुरी रेलवे क्लोनी शिव मंदिर समेत सभी शिवालयों में जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना किया गया। एवं शाम के समय जीआरपी बैरेक से भव्य रुप से शिव बारात निकाला गया। जीआरपी बैरेक शिव मंदिर में पुर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो भी पहुंच बाबा के दरबार में माथा टेका। तत्पश्चात सभी नाचते गाते बारात में शामिल हुए। शिव बरात में महिलाओं की भीड़ जमी रही इस दौरान शिव बारात बजार होते हुए रेलवे शिव मंदिर पहुंचे जहां पुजा अर्चना के बाद जीआरपी बैरेक शिव मंदिर पहुंचे जहां पुरोहित द्वारा विधी विधान से शिव विवाह किया गया। तत्पश्चात भंडारा का भी आयोजन किया गया।भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए। वहीं भेलवा टुंगरी पर स्थानीय शिव भक्त जीतु महतो अपने परिवार के साथ पूजा में बैठे थे शिव भक्त जीतु महतो ने बताया कि टुंगरी पर सालों से पूजा होता आया है लेकिन बुनियादी शुरुआत हमने पूजा कर के किया है और शिव लिंग को जबलपुर मध्यप्रदेश से ला कर स्थापित किया गया है ! जहां आज आस पास के सैकड़ों शिव भक्त जल, नारियल, बेलपत्र से शिव लिंग पर चढ़ाया और कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा! इसी तरह कोचों पहाड़ के ऊंचाई पर स्थित शिव बाबा के दर्शन और पुजा को लेकर भक्त की लम्बी कतार लगी और बाबा को जल चढ़ाया एवं प्रसाद वितरण किया गया । मुरी जीआरपी बैरेक से आरपीएफ बैरक, बुढ़वा शिव मंदिर मे भक्तों की भीड़ रही।



## वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह की तैयारी को लेकर अधिकारियों ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल के मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में एक मार्च को बचरा चार नंबर खेल मैदान में होने वाले वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह की तैयारी जोर-शोर से की जारी है। समारोह को लेकर बचरा चार नंबर खेल मैदान में भव्य स्टेट एवं पंडाल का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।समारोह की तैयारी को लेकर जीएम नृपेंद्र नाथ ने विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल जाकर तैयारी की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।उन्होंने अतिथियों के स्वागत से लेकर कार्यक्रम के समापन तक की रूपरेखा की जानकारी ली।समारोह को लेकर की गई सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली।बताया गया कि इस कार्यक्रम में सीसीएल के सभी 14 एरिया के अलावा एनटीपीसी, हिंडालको,डीवीसी और टाटा की टीम भी शामिल होगी।मौके पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के जीएम नृपेन्द्र नाथ के साथ सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर रविंद्रनाथ सिंह, एरिया सेफ्टी बोर्ड मेंबर इस्लाम अंसारी,मगध पीओ,एरिया सेफ्टी ऑफिसर सत्यनारायण प्रसाद,मजदूर नेता अभय सिंह,आशीष दुबे, एसओसी सुनील भाष्कर,अरूण सिंह, आरएन पण्डित सहित कई अधिकारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि मौजुद थे।



# नेहालु पंचायत में उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने किया दौरा, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के नेहालु पंचायत में गुरुवार को उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। यह दौरा मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर किया गया, जिसमें उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को जाना। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पांच महीनों से पानी की आपूर्ति बाधित है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा, बिजली की बार-बार खराबी, लो-वोल्टेज की समस्या और सड़क व नाली निर्माण कार्यों में देरी जैसी समस्याओं को भी ग्रामीणों ने उठाया। उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने मौके पर ही पेयजल विभाग, बिजली विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों को फोन कर तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में ही समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया जाएगा ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कुछ बिचौलियों ने सरकारी लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी की है। इस पर उप प्रमुख ने तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मुदस्सिर हक ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत पंचायतों में जाकर समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी इसकी जानकारी दी और निर्देश दिए कि जनहित की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता से किया जाए। इस दौरान कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष जगरनाथ, बीरेंद्र उरांव, आशा रानी पन्ना, रशीद मीर, विश्वकर्मा स्वांसी, इरफान सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## रहमत और बरकत का महीना है रमजान : नईम अंसारी



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव सह नौजवान अंजुमन कमेटी के सदर नईम अंसारी उर्फ इमायू ने बताया कि इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार,साल का नौवां महीना रमजान का होता है। इस पाक माह को इबादत का महीना कहा जाता है। रमजान की शुरुआत चांद देखकर की जाती है। मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमत और बरकत का महीना कहा जाता है। इस्लाम में रमजान के महीने को बेहद पाक माना जाता है। यह महीना अल्लाह की इबादत के लिए होता है। इस महीने रोजा रखे जाते हैं। पांचों वक्त की नमाज अदा की जाती है। इस महीने की जाने वाली इबादत का सवाब कई गुना ज्यादा मिलता है। इस माह रोजेदार के लिए अल्लाह जन्नत की राह खोल देते हैं। उन्होंने कहा इस्लाम की रवायत के अनुसार, रमजान के महीने में रोजा रखना जरूरी होता है। मुस्लिम इस पूरे महीने को इबादत में गुजारते हैं। पांचों वक्त की नमाज के साथ रात में तरावीह नमाज पढ़ते हैं। कुरान-ए-पाक की तिलावत करते हैं। रमजान का महीना तीन अशरों में बंटा होता है। एक से लेकर दस दिनों तक रहमत का अशरा होता है। 11 से लेकर 20 तक बरकत का और 21 से लेकर तीस रोजे तक मगफिरत का अशरा होता है। इस महीने लोग जकात भी निकालते हैं। जकात का अर्थ होता है जमा पूंजी का दो या ढाई प्रतिशत गरीबों में दान

## नूरी मस्जिद कल्याणपुर के ईमाम ने की आज रमजान का चाँद देखने की अपील

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नूरी मस्जिद कल्याणपूर के ईमाम मौलाना मोहम्मद मकसुद आलम जामई ने क्षेत्र के लोगों से आज 28 फरवरी 2025 को 29 शाबान का चांद देखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज शाबान माह का 29 तारीख मुकम्मल हो जाएगा।इसलिए रमजान का चांद नजर आ सकता है।उन्होंने चांद देखने पर संबंधित अंजुमन के लोगों को एवं जिम्मेदार व्यक्ति को इसकी जानकारी देने की अपील की है।साथ ही चांद नजर नहीं आने पर शाबान माह का 30 तारीख पूरा होने पर रमजान का चांद देखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि चाँद देखना सुन्नत है।हुजुर ने इरशाद फरमाया है कि चाँद देखकर रोजा रखो और चांद देखकर इफ्तार एवं ईद करो।साथ ही साथ कहा कि चाँद नजर आ जाने की सूरत में नमाजे तरावीह की भी शुरुआत की जाएगी।उन्होंने कहा कि नूरी मस्जिद कल्याणपुर में 20 दिन तक नमाजे तरावीह का आयोजन होगा।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से रमजान उल मुबारक के महीने में रोजा रखने और नमाजे तरावीह पढ़ने व सुनने की करने की अपील की है। इधर बचरा जामा मस्जिद के सदर इस्लाम अंसारी ने भी क्षेत्र के सभी लोगों से चांद देखने की अपील की है।साथ ही चांद नजर आने पर अंजुमन को इसकी सूचना देने की अपील की है।उन्होंने कहा कि रमजान के महीने के अवसर पर बचरा जामा मस्जिद एवं बचरा बसंत विहार कॉलोनी में रमजान का चांद नजर आने के साथ ही नमाजे तरावीह की शुरुआत की जाएगी।



## विधायक ने सदन में उठाया कुचाई-चाईबासा मार्ग को आरसीडी में अपग्रेड करने की मांग



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कुचाई से चाईबासा तक की सड़क को अपग्रेड कर आरसीडी सड़क में तब्दील करने की मांग की है. गुरुवार को विस में शून्य काल के दौरान इस मामले को उठाते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कुचाई प्रखंड मुख्यालय को कोल्हान प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा से जोडने वाली कुचाई से कुंडियामार्चा, रेगाडीह, गालुडीह, पोटोबेडा, पुरुनिया, राजाबासा होते हुए चाईबासा मार्ग को आरसीडी में अपग्रेड करने की मांग की. उन्होंने कहा कि इस मार्ग के अपग्रेड होने से बड़ी आबादी को आवागमन में सुविधा होगी.

## आवासीय बालिका विद्यालय कुकड़ु में मूलभूत सुविधा की कमी, उपायुक्त से करेंगे शिकायत : मधुश्री



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय कुकड़ु का जिला परिषद के उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डन व शिक्षिकाओं से भी पठन पाठन एवं व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों से भी कक्षा में जाकर पढ़ाई एवं मेनु आधारित भोजन आदि का जानकारी लिया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें पता चला कि मेनु आधारित भोजन नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चियों का कंप्यूटर कक्षा चलाया जाता है, लेकिन कंप्यूटर खोलने और बंद करने तक छात्राओं को नही आता है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली कि कंप्यूटर शिक्षक तीन दिन के छुट्टी पर गया और 25-30 दिनों से अनुपस्थित है, जिसपर कारवाई जरूरी है। पीने और नहाने के लिए समुचित पानी का व्यवस्था नहीं है, इस पर उपायुक्त को सुचित किया जाएगा। जिप उपाध्यक्ष ने शिक्षिकाओं को नियमित कक्षा में उपस्थित होने एवं भोजन मेनु आधारित देने का निर्देश दिया।

## कोल्हान मजदूर यूनियन के प्रयास से 60 स्थाई मजदूरों को मिला फाइनल सेटलमेंट



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विगत तीन वर्ष पूर्व बंद हुए गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र स्थित बिहार राफिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 60 स्थाई मजदूरों को कोल्हान मजदूर यूनियन के प्रयास से गुरुवार को फाइनल सेटलमेंट मिला। सभी मज़दूरों को फाइनल सेटलमेंट का चेक पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और पूर्व विधायक अरविंद ने सौंपा। उन्होंने सभी मजदूरों को पैसे संभालकर ख़र्च करने की सलाह दी। फाइनल सेटलमेंट की राशि पाने से उन कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। विदित है कि औद्योगिक क्षेत्र के फेज तीन स्थित बिहार राफिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड और जमशेदपुर वेल्पक्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सभी 60 स्थाई मजदूर फाइनल सेटलमेंट को लेकर तीन वर्षों से आंदोलनरत थे। उन मजदूरों को हक़ दिलाने के लिए कोल्हान मजदूर यूनियन द्वारा दो वर्षों तक लंबी लड़ाई लड़ी गई। अंततः मजदूरों की जीत हुई और सभी 60 मजदूरों को आज फाइनल सेटलमेंट की राशि मिली। इस मौके पर यूनियन के नेता बसंत कुमार, मजदूर जानकी बेसरा, दुलारी उरांव, आरसु बेसरा समेत कई मजदूर मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बिनीता सिंघानिया ने चांडिल में मांगा समर्थन

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष एवं झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बिनीता सिंघानिया ने चुनावी दौरे के तहत चांडिल शाखा के अध्यक्ष संजय चौधरी के आवास पर पहुंचकर समर्थन मांगा। इस दौरान मंच के सदस्यों ने उनका दुपट्टा, पगड़ी पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न देकर भव्य स्वागत किया। बिनीता सिंघानिया आगामी 22-23 मार्च को जमशेदपुर में आयोजित होने वाले प्रांतीय महाधिवेशन सह चुनाव को लेकर चांडिल शाखा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मंच के 23 वर्षों के इतिहास में पहली बार कोई महिला प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही है और उन्हें पूरे प्रदेश से व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने अपने विजन को साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज के उत्थान, एकजुटता और हर क्षेत्र में समाज के लोगों की प्रगति सुनिश्चित करना है। बैठक में संजय चौधरी, मोंटी चौधरी, विकास रूंगटा, प्रवीण पसारी, अखिल बगड़िया, पीयूष चौधरी, रोहित चौधरी आदि मौजूद थे।

## दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को दी आर्थिक मदद

**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड के सहायक अध्यापक और सहायक शिक्षकों ने गुरुवार को दिवंगत सहायक अध्यापक शैलेन टुडू के परिजनों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। स्व शैलेन टुडू फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत अंतर्गत मुढ़काटी के निवासी थे। नव प्राथमिक विद्यालय बाबुरपाल के सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। विगत 10 फरवरी को उनका आकस्मिक निधन हो गया। वे परिवार के एकमात्र सहारा थे। उनकी पत्नी पानो टुडू को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए गुडाबांदा सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश्वर चौबे, जादुनाथ मुर्मू, चंपाई सोरेन, दलपति मांडी, चुनाराम मुर्मू, चंदन पात्रा, मनसाराम हांसदा और आनंद मुर्मू उनके आवास पहुंचे थे।

## खूंटपानी, पाड्राशाली में झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए विधायक




**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खूंटपानी के पांड्राशाली स्थित झामुमो कार्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे विधायक दशरथ गागराई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो कार्यकर्ता आधारित पार्टी है तथा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचायें. उन्होंने कहा कि खूंटपानी में पार्टी को और सशक्त बनाना है. सम्मेलन में खूंटपानी प्रखंड समिति के गठन हेतु उपस्थित विभिन्न पंचायत समितियों के प्रतिनिधि, सक्रिय सदस्यों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच रायशुमारी किया गया. वहीं सम्मेलन में जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रभारी सोना देवगम, प्रभारी इकबाल अहमद एवं सह प्रभारी राहुल आदित्य के देखरेख में प्रखंड कमेटी का गठन होना है. जिसमें प्रखंड अध्यक्ष के रूप में चार लोग राहुल बानरा, बबलू गोडसोरा, जयसिंह बोदरा व डिम्बु तियू ने दावेदारी पेश किया. जिसमें चारों का नाम जिला संयोजक मंडली को भेजा गया. वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष में सतीश पुरती, कोना पुरती, सचिव में प्राण सिंह लेयांगी व संयुक्त सचिव बाबुराम तियु, सिधू गागराई,संगठन सचिव राहुल गोप, कोषाध्यक्ष मार्कुस लेयांगी,जिला कार्यकारिणी सदस्य बिरसा उर्फ कान्डे तियू,धनीराम बानरा,सिरका मुंडरी,जयसिंह पुरती,शिला जामुदा जबकि 11 सदस्यों को प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य में प्रस्तावित किया गया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़ेया, बीस सूत्री अध्यक्ष राहुल गोप, विधायक की पत्नी सह समाजसेवी बासंती गागराई, रजनी बानरा, कलिया जामुदा, रायमुनी कांडेयांग, भगवान बानरा, सतीश पुरती, हाथी हाईबुरू, प्राण लेयांगी समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# जिला ई-गवर्नेंस सोसाईटी की समीक्षा बैठक, पंचायतों को डिजिटली सशक्त बनाने पर जोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष अनन्य मित्तल के निदेशानुसार समाहरणालय सभागार में जिला ई-गवर्नेंस सोसाईटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें कॉमन सर्विस सेंटर, झारसेवा, विभिन्न प्रमाण पत्र, यूआईडी, भारतनेट, ई- हॉस्पिटल, झारनेट सहित अन्य बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा किया गया। इस बैठक में आम जनता को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सरकारी सेवाओं और पंचायत भवनों को डिजिटली सशक्त बनाकर अधिक से अधिक सुविधाएं जनता तक सुगमता से पहुंचाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सभी पंचायतों में कार्यरत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को एक सप्ताह के अंदर बी.सी आईडी उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया तथा बेहतर कार्य करने और जनता को अधिकतम सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, झारसेवा पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, एवं अन्य प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्यों और जिले में सीएससी के माध्यम से संचालित आधार केंद्रों में त्रुटियों के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। समीक्षा के क्रम में साकची मंडल कारा में झारनेट के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया। पंचायत भवनों में भारत नेट की सुविधा को सुदृढ़ बनाने और उसके अधिकतम उपयोग हेतु बीएसएनएल के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। विभिन्न सरकारी कार्यालयों में झारनेट की स्पीड में सुधार लाने के लिए झारनेट इंजीनियर को निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी रिंकू कुमारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी किशोर प्रसाद, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री सुदिप्त राज, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनीष कुमार प्रसाद, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी पूनम वर्मा, सीएससी मैनेजर, डिजिटल पंचायत परियोजना के जिला प्रबंधक, पंचायती राज विभाग और नेटवर्क इंजीनियर (झारनेट सेल), बीएसएनल के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## डिमना बांध विस्थापितों की मांग पर विस्थापितों ने उपायुक्त को सौंपा स्मार पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष मदन मोहन सोरेन डिमना बांध विस्थापितों का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के नाम एक स्मार पत्र सौंपते हुए अपनी मांगों से अवगत कराया। इस संबंध में मदन मोहन ने कहा कि अब विस्थापितों का धैर्य टूटने लगा है। शीघ्र समाधान नहीं करने पर आरपार की लड़ाई लड़ी जायगी। इसकी पूरी जवाबदेही प्रशासन और टाटा स्टील की होगी। उन्होंने कहा कि डिमना बांध विस्थापित 12 मौजा के ग्रामीणों को 1942-43 में विस्थापित किया गया। उन्हें संपूर्ण मुआवजा भी आज तक नहीं मिली और न ही उनका पुनर्वास किया गया। 2009 से विस्थापित एवं विभिन्न ग्राम सभा अपनी मांगों के समर्थन में लगातार आंदोलनरत हैं। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम की अध्यक्षता में 23 दौर की त्रिपक्षीय वार्ता भी संपन्न हो चुकी है। मामला निर्णायक स्थिति में भी पहुंचा है, परंतु दुख की बात यह है कि फैसला अब तक नहीं हो पाया है। इस अवसर पर मदन मोहन सोरेन, देवेन सिंह, सोहन सिंह, प्रदीप कुमार सोरेन व यादव सिंह आदि उपस्थित थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**- खेल के माध्यम से जिला पुलिस कर रही अवैध अफ़ीम खेती के प्रति ग्रामीणों को जागरूक**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावाँ के निर्देशानुसार गुरुवार को कुचाई के बिरसा स्टेडियम में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत अफ़ीम की अवैध खेती की रोकथाम और जागरुकता हेतु एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुचाई थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँव की कुल 8 टीमों ने भाग लिया जिसमें विजेता टीम जामदा एवं उप विजेता टीम कुचाई को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला खरसावाँ द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया। साथ ही सभी टीमों को फुटबॉल एवं खिलाड़ियों को फुटबॉल किट वितरित किया गया। मैन ऑफ द मैच मंगल सिंह मुंडा, बेस्ट स्कोरर सोमा मुंडा को एक जोड़ा बूट एवं बेस्ट गोलकीपर जय सिंह सोय को फुटबॉल देकर प्रोत्साहन किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया ग्रामीणों को अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध तथा इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया और अफीम की जगह पर वैकल्पिक खेती को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया, प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम, कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार, दलभंगा ओपी प्रभारी रविन्द्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, मुखिया तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं को उचित मान-सम्मान के लिए बनाना है मजबूत कमेटी : बाघराय मार्डी

**● पटमदा प्रखंड में झामुमो का पंचायत कमेटी पुनर्गठन कार्यक्रम 1 से 9 मार्च तक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक बाघराय मार्डी ने पटमदा के ग्राम प्रधान संघ भवन में गुरुवार को प्रखंड संयोजक मंडली के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्य संयोजक अश्विनी महतो समेत अन्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर मजबूत कमेटी का गठन करने के लिए तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने 1 से 9 मार्च के बीच सभी 15 पंचायतों में कमेटी का पुनर्गठन करने, प्रखंड स्तर पर 100 सक्रिय सदस्य एवं 10 हजार प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। बाघराय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि उचित मान-सम्मान के लिए मजबूत कमेटी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगले 2 माह के अंदर जिला कमेटी का पुनर्गठन होने के पश्चात सत्ता व संगठन में तालमेल देखने को मिलेगा। बैठक को झामुमो नेता सुनील महतो, चंद्रावती महतो, विद्यासागर दास, सुभाष कर्मकार, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, अश्विनी महतो व समीर महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर जामिनी प्रमाणिक, बाबलू रूहिदास, जितुलाल मुर्मू, सिजेन हेंब्रम, अश्विनी दास, सुधीर हांसदा, संजय सिंह, तिलोत्तमा कालिंदी, सत्यवती सिंह, कुनामी मुर्मू, सुजीत महतो, माणिक महतो, राजू कर्मकार, हरेकृष्ण महतो व मंटू महतो आदि मौजूद थे।

# सीएनटी जमीन का अवैध तरीके से म्यूटेशन का मामला पहुंचा राज्यपाल के दरबार, जांच की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीएनटी जमीन का अवैध तरीके से म्यूटेशन कराएं जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता शैलेंद्र महतो का दावा है कि जांच हुई तो इसमें संलिप्त वे सभी लोग जेल जाएंगे। आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से सीएनटी जमीन का ग़लत तरीके से म्यूटेशन करा लिया और अब उक्त जमीन पर बिना नक्शा पास किये बहुमंजिला इमारत खड़ी कर रहा है। इससे संबंधित शिकायत अब राजभवन पहुंच चुका है। उधर राज्यपाल जांचोपरांत कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिये हैं। शैलेंद्र महतो ने बताया कि सोनारी स्थित आशियाना गार्डेन परिसर में लगभग 15 डिसिमल जमीन, प्लाट नं 566, खाता नंबर - 3 , हल्का संख्या - 6 , थाना संख्या - 1156 है। उक्त जमीन का खतियानधारी प्रह्लाद महतो है। किशोर गोलछा नामक व्यक्ति फर्जी दस्तावेज बनाकर निधि खेतान, अभिनव खेतान , सालू खेतान, मंजू खेतान को ग़लत तरीके से उक्त जमीन बेच दिया है। जिसमें संतोष खेतान की मुख्य भूमिका है। उन्होंने आरोप लगाया कि संतोष द्वारा गम्हरिया में भी अवैध तरीके से जमीन बेचा गया था। जिसे लेकर अदालत में मुकदमा दर्ज है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि उक्त जमीन को फर्जी तरीके से न सिर्फ रजिस्ट्री कराया गया बल्कि मिलीभगत से म्यूटेशन भी करा लिया गया है। उक्त जमीन पर पिछले एक वर्ष से निर्माण भी चल रहा है। इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में अनुमंडल पदाधिकारी, सीओ , रजिस्ट्रार, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उपनगर आयुक्त समेत कई अन्य को भी आरोपी बताया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रहलाद महतो , नेपाल महतो , लालचंद महतो, शैलेंद्र महतो, धनंजय महतो आदि शामिल थे।

## नव निर्मित शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कई कार्यक्रम आयोजित



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत बेगनाडीह टोला में नव निर्मित शिव मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महाशिवरात्रि के मौके पर प्रारम्भ हुए दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 111 महिला व कन्याएं शामिल हुए। दूसरे दिन गुरुवार को उंक्त कलश का स्थानीय भांगा तालाब में गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी रतिलाल मंडल ने किया। इस मौके पर कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके आयोजन में कमेटी के रतिलाल मंडल, दयाश्री मंडल, समाजसेवी रोशन साव, पंडित गौतम आचार्य, पश्चिम बंगाल झालग्राम से आए विक्रम आचार्य, भोजोहरी कर्मकार, सुभाष कालिंदी आदि की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## साउथ प्वाइंट स्कूल में एक राष्ट्र एक नाम भारत रखने हेतु हस्ताक्षर अभियान



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत देश का नाम केवल भारत रखने एवं इंडिया हटाने हेतु एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं ने भी इस अभियान में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस किया। इस दौरान लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा ने बच्चों से कहा कि क्या किसी नाम का भी अनुवाद हो सकता है? नहीं तो हम भारत को इंडिया क्यों कहें, जबकि इंडिया का अर्थ अपमानित करने वाला शब्द है। प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने भी बच्चों से कहा कि सभी वेदों, पुराणों, रामायण व महाभारत आदि प्राचीन ग्रंथों में भारत का नाम उल्लेख है तो हम अपने भारत को भारत नाम से ही क्यों नहीं संबोधित करे? अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चें एवं कर्मचारी शामिल थे।

# टाटा स्टील ने पहली महिला फायर-फाइटर्स बैच के लिए पासिंग आउट परेड का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज पहली महिला फायर-फाइटर्स बैच की पासिंग आउट परेड आयोजित की। इस अवसर पर चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील, अत्रयी सान्याल, वाइस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट), संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन और जया सिंह पांडा, चीफ लर्निंग एंड डेवलपमेंट व चीफ डाइवर्सिटी ऑफिसर मौजूद थे । कार्यक्रम में टाटा स्टील के चीफ सिक्योरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन अरविंद कुमार सिन्हा ने अतिथियों व फायर-फाइटर्स के परिजनों के साथ मिलकर उनका स्वागत किया। चाणक्य चौधरी ने फायर फाइटिंग और रेस्क्यू ऑपरेशंस में आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इन उपकरणों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉक ड्रिल आवश्यक है। अपने संबोधन में अत्रयी सान्याल ने महिला फायर-फाइटर्स को कार्य और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। अरविंद कुमार सिन्हा ने 'फ्लेम्स ऑफ चेंज' पहल के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह टाटा स्टील की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान फायर सर्विसेज में सांस्कृतिक बदलाव लाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने दर्शकों को जानकारी दी कि इन महिला फायर-फाइटर्स को जमशेदपुर स्थित फायर एंड सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर में गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद उन्हें एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, कोलकाता के सहयोग से 16 सप्ताह का विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स भी कराया गया। जया सिंह पांडा, संजीव कुमार चौधरी ने महिला फायर-फाइटर्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ और द्वितीय सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, इन-हाउस प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रशिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# टाटा पावर ने असम में 5,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने को किया एमओयू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टीपी सोलर लिमिटेड (टीपी सोलर) ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) से 292.5 मेगावाट पी डीसीआर (घरेलू सामग्री आवश्यकता) सौर मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध हासिल किया है। यह परियोजना सीपीएसयू योजना ट्रैंच-ढ्ढढ्ढ के तहत प्रदान की गई है और भारत के अक्षय ऊर्जा संक्रमण को आगे बढ़ाने के लिए टीपी सोलर की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। लगभग ? 632 करोड़ मूल्य के इस अनुबंध में आंध्र प्रदेश के रामागिरी में निर्दिष्ट साइट पर उच्च गुणवत्ता वाले डीसीआर मॉड्यूल की डिलीवरी शामिल है। यह परियोजना एसईसीआई की 400 मेगावाट पी की बड़ी निविदा का हिस्सा है, जिसके लिए प्रतिस्पर्धी बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के बाद ई-रिवर्स नीलामी की गई। अनुबंध में कुल 400 मेगावाट पी डीसीआर मॉड्यूल शामिल हैं, जिनमें से टी पी सोलर ने 292.5 मेगावाट पी हासिल किया है। परियोजना के लिए पसंदीदा डिलीवरी समयरेखा अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है, जो चार महीने की अवधि में पूरी होगी। एसईसीआई के निदेशक (पावर सिस्टम) शिवकुमार वी वेपकोमा ने टिप्पणी की, सीपीएसयू योजना घरेलू सौर विनिर्माण को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। टीपी सोलर को यह अनुबंध देकर, हम सौर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं कि बड़े पैमाने पर नवीकरणीय परियोजनाएं उच्च गुणवत्ता वाले, स्थानीय रूप से निर्मित मॉड्यूल द्वारा संचालित हों।

## आंगनवाड़ी सेविकाओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड सभागार में गुरुवार को चार दिवसीय आंगनवाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया। सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्स के संबंध में जानकारी दिया गया। प्रथम दिन प्रखंड अंतर्गत सेक्टर 1 के आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित हुए। महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, ममता बिन्हा एवं कंप्यूटर आपरेटर ने संजीव पोद्दार ने प्रशिक्षण दिया। कृष्णा देवी ने बताया कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्स से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमें गुरुवार को सेक्टर 1 की सभी सेविका को प्रशिक्षण दिया गया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# कला की कसक

**कला** के संरक्षण के लिये नीति-नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है। बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है। दशकों से रॉक गार्डन रचनात्मक मानवीय कला दृष्टि के प्रमाण के रूप में खड़ा है कि कैसे सकारात्मक सोच के साथ कचरे को आश्चर्यजनक कृति में तब्दील किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नेकचंद की इस अद्भुत कला से प्रेरित होकर देश-दुनिया के विभिन्न भागों में रॉक गार्डन की प्रतिकृति बनाने की भी प्रेरणा भी मिली। नेकचंद के जाने के बाद भी रॉक गार्डन कलात्मकता के एक जीवंत प्रमाण के रूप में विद्यमान है। ऐसे में समाज व प्रशासन का नैतिक दायित्व बनता है कि इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जाए। यही वजह है कि सिटी ब्यूटीफुल के तमाम जिम्मेदार, सजग व संभ्रांत लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये आगे आए हैं। यह विडंबना कही जाएगी हम अपनी समृद्ध और कलात्मक विरासत के एक हिस्से को सड़क निर्माण और प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों के उपयोग के लिये बनायी जा रही पार्किंग के लिये खो देंगे। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि ध्वस्त की गई दीवार रॉक गार्डन में नेक चंद द्वारा बनायी गई मूल संरचना का हिस्सा नहीं थी। दीवार को ध्वस्त करने पर बचाव के लिये दिए जाने वाले तर्क तर्कशीलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। यदि यह तर्क स्वीकार भी कर लिया जाता है तो भविष्य में इस दलील के आधार पर इसके अन्य हिस्सों के अस्तित्व पर संकट मंडरा सकता है। निस्संदेह, किसी संरचना या सांस्कृतिक प्रतीक के महत्व को उसके ढांचे के रूप में नहीं बल्कि उसके साथ लोगों के सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में देखा जाना चाहिए। वास्तव में इस दीवार को तोड़ने के लिये दी जा रही दलीलों की तार्किकता कई स्तरों पर त्रुटिपूर्ण ही है। सबसे पहले, उच्च न्यायालय परिसर के आसपास यातायात की जो भीड़ उत्पन्न होती है, वह खराब प्रबंधन की देन है। इसमें रॉक गार्डन की संरचना की उपस्थिति की कोई भूमिका नहीं है। सही मायनों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन और शटल सेवाओं जैसे टिकाऊ विकल्पों की अनदेखी की गई है। इसके साथ उच्च न्यायालय द्वारा केस सूचियों के व्यवस्थित पुनर्गठन से भी यातायात संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए अदालत परिसर में दैनिक उपस्थिति को कम किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा दीवार को दूसरी जगह बनवाने और फिर पेड़ लगाने का वायदा पारिस्थितिकीय तंत्र के अपरिवर्तनीय नुकसान की भरपाई नहीं करता है। चंडीगढ़ की प्रसिद्ध पेड़ों की विरासत पहले ही अपनी आभा खोती जा रही है। ऐसे में सदियों पुराने पेड़ों को हटाना इसके पारिस्थितिकीय संतुलन के मद्देनजर एक आत्मघाती कदम ही हो सकता है। निस्संदेह, अदालतों को न्याय का संरक्षक माना जाता है।

बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है।

प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है

# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?

ललित गर्ग।

**महाकुंभ** केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा? प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह



दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं। हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी एवं भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र एवं सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिन्दू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते है, जो धर्म एवं संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार है। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं।

महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं।

दृष्टि कोण

# डंकी रूट पर सख्त रुख अपनाएं सरकारें

**मुगल** बादशाही के दौर में कबूतरों को आपस में लड़ाने वाला 'कबूतरबाजी' एक मशहूर खेल था, मगर कुछ वर्ष पूर्व भारत में कबूतरबाजी लफ्ज मानव तस्करी के रूप में काफी चर्चित हुआ था। कबूतरबाजी यानी लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का तरीका। कबूतरबाजी के इल्जाम ने देश के कुछ मकबूल फनकारों को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था। मौजूदा वक्त में कबूतरबाजी की जगह 'डंकी रूट' एक चर्चित लफ्ज बन चुका है। डंकी रूट यानी किसी देश में गैर कानूनी तरीके से प्रवेश करना। अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी व ब्रिटेन जैसे मुल्क भारतीय युवाओं की पहली पसंद हैं। जब लोग दस्तावेज नहीं बनवा पाते या विदेश जाने के लिए उनको वीजा नहीं मिलता तो एजेंट्स युवाओं को डंकी रूट के तहत बिना किसी दस्तावेज व वैध वीजा के अवैध तरीके से विदेश पहुंचाने के हसीन ख्वाब दिखाते हैं। जिस प्रकार नशे के सरगना नशा तस्करी के लिए नए तरीके इजाद करते हैं, उसी प्रकार ट्रैवल एजेंट भी युवाओं को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने के लिए कबूतरबाजी, डंकी रूट व फिश रूट जैसी अवैध तरकीबें अपनाते हैं। नशे का नेटवर्क भी देश में अपनी जडें.जमा चुका है। डंकी रूट का संचालन करने वाले एजेंटों का कारोबार भी फराज पर है। नशा माफिया के निशाने पर भी युवा वर्ग है तथा डंकी रूट के एजेंटों का नेटवर्क भी युवा वर्ग के इर्द-गिर्द ही घूमता है। नशा माफिया की तरह डंकी रूट के संचालकों का भी अपना एक निर्धारित क्षेत्र है। नशे के सरगना व डंकी रूट के एजेंट तथा ट्रैवल एजेंसियां अपनी अरबों रुपए की अवैध सल्तनत कायम कर चुकी हैं। बेशक बेरोजगारी के अजाब से भारत के हजारों युवा अपना मुल्क छोडक़र डंकी रूट का सहारा लेकर मगरबी मुल्कों में जा रहे हैं। मगर इसे इत्तेफाक कहें या इख्तिलाफ। संयोग कहें या प्रयोग। अमेरिकी प्रशासन अवैध रूप से रह रहे भारतीय प्रवासी युवाओं को शातिर अपराधियों की तरह हथकडियों व बेडियों में जकडक़र जिस तरीके से बेआबरू करके निर्वासित कर रहा है, यूएसए की यह कारकर्दगी दुर्भाग्यपूर्ण है। हैरत की बात है कि बेगुनाह प्रवासी भारतीय युवाओं से मुजरिमों जैसा सलूक करने वाली अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों की इस हरकत पर मानवाधिकारों की वकालत करने वाले मुनाजिर भी खामोश हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था को अपनी कड़ी मेहनत से गुलजार करने वाले भारतीय नौजवानों को अवैध प्रवासी बताकर अमेरिकी प्रशासन नामोशी के साथ डिपोर्ट करके दुनिया को पैगाम नसर कर रहा है कि अपने मुल्क की सुरक्षा व राष्ट्रीय हितों से यूएसए कभी समझौता नहीं करेगा। लेकिन यूएसए में एक मुद्दत से पनाह ले चुके भारत विरोधी गतिविधियों में मुल्लविश आदतन मुजरिमों व गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण पर अमेरिकी प्रशासन भी खामोश है। हकीकत में डंकी रूट का इस्तेमाल गैंगस्टर व जघन्य वारदातों को अंजाम देकर बैरूने मुल्कों में पनाह लेने वाले कुख्यात अपराधियों के लिए ही होता था। आतंकी व गैंगस्टर गतिविधियों से जुड़े मुजरिम मौजूदा वक्त में भी डंकी रूट के जरिए ही विदेशों में पहुंचते हैं। भारत विरोधी गतिविधियों में मशगूल व अलगाववाद, चरमपंथ की पैरवी करने वाले लोगों को विदेशी खूफिया एजेंसियों की पूरी हिमायत हासिल है। देश में कोई भी मुद्दा हो सियासत की हरारत बुलंदी पर पहुंच जाती है। बिना पुख्ता कागजात के अमेरिका से निर्वासित हुए भारतीय नागरिकों पर भी दोनों सदनों में खूब हंगामा हुआ। विपक्ष के हंगामे के बाद वजीरे खारजा ने अमेरिका द्वारा डिपोर्ट किए गए लोगों के आंकड़े सदन के समक्ष रखे तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2009 में 734, साल 2010 में 794 , सन्-2011 में 597 तथा सन्-2012 में 530 भारतीयों को अमेरिका ने अवैध प्रवासी बताकर अपने मुल्क से बाहर किया था। अमेरिका से भारतीय प्रवासियों के निर्वासन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। भले ही अमेरिका अपने तल्ख तेवर दिखाकर अवैध प्रवासियों को अपने मुल्क से डिपोर्ट कर रहा है, मगर लोगों से लाखों रुपए हड़प करके डंकी रूट के तहत विदेश भेजने वाले गिरोहों व ट्रैवल एजेंटों का धंधा भी बदस्तूर जारी है। विदेश भेजने के नाम पर कई राज्यों में सैंकड़ों एजेंट अपने दफ्तर खोल कर बैठे हैं, जो युवाओं को लुभाकर उनसे लाखों रुपए हड़प करके विदेशों में सुरक्षित पहुंचाने का दावा करते हैं। जबकि अमेरिका से भारतीय युवाओं के निर्वासन ने सभी दावों की पोल खोल दी है। यूएसए सहित कई देशों में भारतीय नागरिक नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं। विदेशों में पढने वाले छात्रों की हत्याएं की जाती हैं। डंकी रूट के तहत विदेशों में गए सैंकड़ों भारतीय युवा कई देशों में सलाखों के पीछे हैं। डंकी रूट डैथ रूट भी साबित हो रहा है।

कुछ अलग

# साइबर मकड़जाल

**यह** खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततः साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है। दरअसल, इस काले धन से नशे के कारोबार, आतंकवाद और मानवीय तस्करी जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इस संगठित आपराधिक नेटवर्क पर अविलंब अंकुश लगाने की जरूरत है।

देश दुनीया से

# परीक्षा प्रणाली में कैसे करें सुधार?

**देश** के सभी राज्यों मे छात्रों की परीक्षा का दौर शुरू है। यह हमारी परीक्षा प्रणाली का दोष है कि परीक्षाओं को लेकर न केवल छात्र, बल्कि अभिभावक और अध्यापक भी तनाव में आ जाते हैं। इस मुद्दे की बारीकी में विवेचना की जरूरत है। परीक्षाओं की शुरुआत 19वीं सदी में एक फ्रांसीसी दार्शनिक ने की थी, जिनका नाम सर हेनरी फिशेल था। वह इंडियाना यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के प्रोफेसर थे। वह अमेरिका के एक व्यापारी थे। उनका दर्शन दो प्रकार की घटनाओं (बाहरी और आंतरिक) की जांच पर आधारित था। उनका मूल विचार यह है कि किसी व्यक्ति को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले चीजों (घटनाओं, व्यक्तियों आदि) की बहुत सावधानी से जांच करनी चाहिए। इसलिए, वह जांच के दर्शन को अपनाने वाले पहले दार्शनिकों में से एक हैं। लेकिन यह कहना कि उन्होंने परीक्षा प्रणाली का आविष्कार किया या यहां तक कि चीजों की जांच करने का विचार उनके दिमाग में आया, इससे बहुत अलग है। उन्होंने छात्रों के दिमाग का आकलन करने के लिए परीक्षाएं शुरू करने के अपने विचार को भी अभिव्यक्त किया। उन्होंने किसी की जानकारी, शिक्षा, प्रतिभा, उत्कृष्टता आदि की जांच करना जरूरी समझा। क्योंकि जब कोई बच्चा कॉलेज में पहली बार स्कूल में होता था, तो वह बिना परीक्षा दिए ही एक क्लास से दूसरी क्लास में चला जाता था। लेकिन उसने एक साल में कितना अध्ययन किया, यह पता नहीं लगा सका कि उसने अपने पाठ्यक्रम के बारे में कितनी जानकारी हासिल की है। हेनरी फिशेल ने जो सबसे पहली परीक्षा शुरू की, वह छात्रों के सामान्य ज्ञान के बारे में जानने के लिए थी। हमारे देश में परीक्षा की खोज सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने की थी। उन्होंने 1948 में एक रिपोर्ट के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया था, जिससे उन्होंने एक समिति की स्थापना की। इसके बाद, इसे 'राधाकृष्णन समिति' कहा गया और इसका सुझाव भारत सरकार ने मान लिया, जिससे भारत में प्रथम परीक्षा प्रणाली की शुरुआत हुई। भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली को परतंत्र काल की शिक्षा प्रणाली माना जाता है। यह ब्रिटिश शासन की देन मानी जाती है। इस प्रणाली को लॉर्ड मैकाले ने जन्म दिया था। इस प्रणाली की वजह से आज भी सफेद कॉलरों वाले लिपिक और बाबू ही पैदा हो रहे हैं। इसी शिक्षा प्रणाली की वजह से विद्यार्थियों का शारीरिक और आत्मिक विकास नहीं हो पाता है। हमारा भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। हमारे कर्णधारों का ध्यान नई शिक्षा प्रणाली की तरफ गया क्योंकि ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली हमारी शिक्षा प्रणाली के अनुकूल नहीं थी। आजादी के बाद शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए अनेक समितियां बनाई गईं। देश में एक विशाल योजना बनाई गई जो तीन साल के भीतर 50 फीसदी शिक्षा का प्रसार कर सके। सैकेंडरी शिक्षा का निर्माण किया गया। बाद में बेसिक शिक्षा समिति बनाई गई जिसका उद्देश्य भारत में बेसिक शिक्षा का प्रसार करना था। अखिल भारतीय शिक्षा समिति की सिफारिश की वजह से बच्चों में बेसिक शिक्षा को अनिवार्य कर दिया गया था। शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए कोठारी आयोग की स्थापना की गई। इस आयोग ने राष्ट्रीय स्तर पर नई योजना लागू करने की सिफारिश की। इस योजना की चर्चा-परिचर्चा लंबे समय तक चली थी। देश के बहुत से राज्यों में इस प्रणाली को लागू किया गया था। इस प्रणाली से दस साल तक दसवीं कक्षा में सामान्य शिक्षा होगी। इसमें सभी विद्यार्थी एक जैसे विषयों का अध्ययन करेंगे। इस पाठ्यक्रम में दो भाषाएं, गणित, विज्ञान और सामाजिक पांच विषयों पर अध्ययन किया जाएगा। लेकिन विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा से भी परिचित होना चाहिए। सातवीं की परीक्षा के बाद विद्यार्थी अलग-अलग विषयों पर अध्ययन करेंगे। अगर वो चाहें तो विज्ञान ले सकते हैं, कॉमर्स ले सकते हैं, और औद्योगिक कार्यों के लिए क्राफ्ट भी ले सकते हैं। लेकिन इस कवायद के वांछित परिणाम नहीं निकले। नई शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा प्रणाली को रोजगार को सामने रखकर बनाया गया है। हम लोग अक्सर देखते हैं कि लोग विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में भाग तो लेते हैं, लेकिन पढने में उनकी रुचि नहीं होती है। ऐसे लोग समाज में अनुशासनहीनता और अराजकता पैदा करते हैं। नई शिक्षा नीति से हमें यह लाभ होगा कि ऐसे विद्यार्थी दसवीं तक ही रह जाएंगे और वे महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाएंगे। जो विद्यार्थी योग्य होंगे, वे कॉलेजों में प्रवेश ले सकेंगे। दसवीं करने के बाद विद्यार्थी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। लेकिन अगर हमें नवीन शिक्षा प्रणाली को सफल बनाना है तो स्थान-स्थान पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम खोलने पड़ेंगे जिससे दसवीं करने के बाद विद्यार्थी कॉलेजों की तरफ नहीं भागें। इससे शिक्षित लोगों की बेरोजगारी में कमी आएगी और शिक्षित लोगों का समाज में मान-सम्मान होगा। इस शिक्षा प्रणाली से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा और यह भविष्य के निर्माण के लिए भी सहायक होगी। इस प्रणाली को पूरी तरह से सफल बनाने का भार हमारे शिक्षकों पर है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में कम संख्या वाले शिक्षा संस्थानों को सीमित करने का फैसला बेहतर साबित होगा क्योंकि इससे फोकस बेहतर होगा। इसी कड़ी में भारत में पेपर लीक की समस्या महंगी और दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली का ही परिणाम है और इससे लोग महंगी पढ़ाई पर खर्च करने के बजाय प्रश्नपत्र खरीदने में लाभ देखते हैं। सरकारी कॉलेज बहुत कम शुल्क लेते हैं जिससे शिक्षा सुलभ हो जाती है। लेकिन वहीं निजी संस्थानों की फीस बहुत ज्यादा होती है, इसलिए छात्र चाहते हैं कि उन्हें लाखों रुपए की फीस देने के बजाय लीक हुआ पेपर ही मिल जाए। आखिर में यह कहना चाहूंगा कि हमें तय करना होगा कि छात्र सिर्फ परीक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि अपने जीवन के लिए भी तैयार हों। मश्विरा है कि हर छात्र को मजबूत भविष्य बनाने के लिए कोई स्किल सीखना चाहिए, फिर चाहे वह किसी भी कोर्स से जुड़ा हो। याद रहे कि व्यावहारिक शिक्षा, व्यवस्थित सुधार एवं कौशल विकास के द्वारा ही युवाओं को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सकता है। महात्मा गांधी जी ने शिक्षा के विषय में कहा था कि शिक्षा का अर्थ बच्चों में सारी शारीरिक, मानसिक और नैतिक शक्तियों का विकास करना होता है। शिक्षा, एकेडमी के दायरे से बढक़र होनी चाहिए, छात्रों को रोजगार क्षमता पर ध्यान देना चाहिए। हमें हर साल नए कौशल सीखने चाहिएं, फिर चाहे वह ड्राइविंग हो या कोई और चीज। सही कौशल पाने से आपकी रोजगार क्षमता बढ़ती है।

आप का नजरीया

# आर्थिक पाठ्यक्रम के पाठ

**फाइलें** नोट करती रहीं काम के, लेकिन हुजूर चस्पां थे इत्मीनान से। हिमाचल में सबसे पहले और सबसे आगे अगर नवाचार हुआ, तो यह ट्रांसफर एडजस्टमेंट का नित नया पैंतरा रहा। तू डाल-डाल, मैं पात-पात के इस खेल में कर्मचारी राजनीति ने सचिवालय से सडक़ तक को गुमराह किया। यह एक भंवर है जहां प्रदेश का कर्म, राजनीति का भ्रम और राज्य का भविष्य बार-बार डूबा। यानी सरकारी नौकरी प्रदान करने में सत्ता जादूगर, कर्मचारी मालिक और राजनीति साम्राज्य बन गई। प्रदेश के संसाधन, उधार की परिक्रमा में ऐसे व्यय पर लट्टू रहे जो आज बजट की तासीर को कमजोर बनाता है। जहां पगार देने के लिए कर्ज लेना पड़ता हो, वहां यह इंतखाब घातक है, इसलिए अब प्रदेश को अपने ही बोझ से निजात चाहिए। सरकार की उदारता बहुत देखी और पिछले कई चुनावों से पूर्व सत्ता पक्ष ने बहलाने-फुसलाने या सियासी चमत्कार दिखाने की कोशिश में खजाने को पंगु बना दिया। बहरहाल कर्मचारी मसलों में क्रांतिकारी कदम चाहिए और यह हिम्मत दिखानी पड़ेगी, वरना यह प्रदेश अब अपने ही ढांचे के नीचे हड्डियां तुड़वा रहा है। अगर दो दर्जन कालेज और स्कूलों का एक सैंकड़ा हटाना या बंद करना पड़ रहा है, तो यह दौर खुद को समझाने और संभालने का है। जाहिर है सरकार को ये कदम लेने पड़ रहे हैं, वरना सियासी ढोल नगाड़े तो यही चाहते हैं कि बहते दरियाओं में किश्तियां बढ़ती रहें। बेशक आज हिमाचल जहां है, वहां विकास की मात्रात्मक पहचान ने नागरिक समाज को जागरूक किया। सामाजिक सुरक्षा के हर पहलू में घर-घर तक यह खत आया कि शिक्षा व चिकित्सा अब उनके नजदीक है, लेकिन विस्तार की यह परिभाषा अप्रासंगिक होने लगी तो तरक्की के विषय बदलेंगे, आगे बढऩे के पाठ्यक्रम बदलेंगे। एक पाठ्यक्रम शिक्षा ने दिया, लेकिन दूसरा अब हमारे आर्थिक संसाधन बना रहे हैं। आर्थिक संसाधनों का पाठ्यक्रम हमें विवश कर रहा है कि अब वास्तविकताओं को नजरअंदाज न करें। यह जवाबदेही मांग रहा है, वित्तीय कसौटियां भांप रहा है। फिजूलखर्चियों के चंगुल से बचा रहा है, तो सरकारी कार्यसंस्कृति में अनुशासन बढ़ाने की ताकीद कर रहा है। हिमाचल को अपने आर्थिक पाठ्यक्रम के पाठ बढ़ाते हुए हर विभाग के लक्ष्य तय करने होंगे। सरकारी क्षेत्र के हर कर्मचारी-अधिकारी के जज्बात अब वेतन-भत्तों की गणना नहीं, बल्कि दायित्व को औचित्यपूर्ण बनाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला से राज्य कैडर में परिवर्तित होने का अनुशासित पक्ष, प्रशंसनीय है। आर्थिक पाठ्यक्रम महज बजट का शीर्षासन नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति के हर पल की गवाही है। अगर एचआरटीसी कैशलैस ट्रांजेक्शन से अपनी कार्य संस्कृति को सुधार रहा है, तो हर निगम की बचत में कर्मचारियों के हाथ-पांव फूलने चाहिएं। विभागीय दक्षता और कार्यप्रणाली की सफलता में ट्रांसफर का धोबीघाट होना चाहिए ताकि सनद रहे कि नौकरी सिर्फ अधिकार नहीं, दायित्व के जवाबदेही है। हिमाचल पर्यटन निगम की हर इकाई का दारोमदार उसे लाभकारी बनाने में होना चाहिए, न कि पर्चियों पर सरकारी नौकरी को सियासी सेवादार बनाने में प्रशस्त होना पड़े।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु निरंतर छापेमारी, जांच अभियान चलाने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम 13 जनवरी 2025 में हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आम्रपाली परियोजनान्तर्गत सीटीओ में निहित सभी शर्तों का अनुपालन सख्ती के साथ सुनिश्चित करने हेतु महाप्रबंधक, आम्रपाली को निदेशित किया गया। समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक, आम्रपाली को निदेशित किया गया



कि परियोजनान्तर्गत रोड स्वैपिंग मशीन का अविलम्ब क्रय करते हुए कार्य प्रारंभ कराएं। जिससे लोगों को कोल वाहनों या कोल से उड़ने वाले धूल कन की समस्याओं से निजात मिल सके। कोयला परियोजनाओ को निदेशित किया गया कि टैंकरों पर जीपीएस लगाने हेतु संबंधित ट्रांसपोटर्स को निर्गत किए गए पत्र एवं ट्रांसपोटर्स द्वारा कोलियरी को दिए गए जवाब की प्रति जिला मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे। बॉडी एक्सटेंडेड वाहनों को लेकर महाप्रबंधक, आम्रपाली द्वारा बताया गया कि कोलियरी क्षेत्र में कोयला का परिवहन में बॉडी एक्सटेंडेड वाहनों का उपयोग नहीं की जा रही है। उपायुक्त, चतरा द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध अंचलवार / कार्यालयवार कृत कार्रवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा में अवैध खनन के विरूद्ध धीमी कार्रवाई पर उपायुक्त, चतरा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को विशेषकर सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने क्षेत्रान्तर्गत अभियान में तेजी लाते हुए अवैध बालू/पत्थर / कोयला खनिज के मामले में अवैधकर्ता के विरूद्ध प्राथमिकी / नियमानुसार दण्ड राशि की वसूली की कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। समीक्षा में अँचल अधिकारी, चतरा द्वारा माह जनवरी, 2025 में शून्य कार्रवाई के संदर्भ में पृच्छा के आलोक में बताया गया कि बालू हंटरगंज अंचलान्तर्गत जेएसएमडीसी लिमिटेड के संचालित वैध बालूघाट/स्टॉकयार्ड से ई-परिवहन चालान के माध्यम से ट्रैक्टरों के द्वारा बालू का परिवहन की जा रही है। इस पर उपायुक्त, चतरा द्वारा उन्हें निदेशित किया गया कि परिवहनकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे ई-चालान की वैधता जाँच कर लें। पिपरवार/टण्डवा थानान्तर्गत विभिन्न स्थलों से अवैध रेट होल माइनिंग साइट्स/ अन्य क्षेत्र में डोजरिंग किए गए स्थलों से पुनः अवैध कोयला खनिज का निष्कासन नहीं हो सके, इस हेतु सतत् निगरानी बनाये रखने हेतु अँचल अधिकारी, टण्डवा/थाना प्रभारी, टण्डवा / पिपरवार को निदेशित किया गया। जिला खनन पदाधिकारी, चतरा द्वारा जानकारी दिया गया कि माह-जनवरी एवं फरवरी, 2025 में 03 पत्थर खनन पट्टों की प्रशाखीय मापी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उपायुक्त, चतरा द्वारा निदेशित किया गया कि शेष चालू पत्थर खनन पट्टों का मार्च, 2025 के पूर्व पूर्ण कर मापी प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

## सासंद काली चरण द्वारा पदाधिकारियों को अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना पड़ा महंगा

➲झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ से अविलंब सांसद मांगे माफी वर्ना चरणबद्ध आंदोलन करने पर होंगे बाध्य

➲पदाधिकारियों ने काला बिल्ला लगा कर अपना कार्य निर्वहन किया, जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ चतरा के पदाधिकारियों को चतरा सांसद काली चरण सिंह द्वारा अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना बड़ा महंगा पड़ा है। जिसके विरोध में सभी झारखण्ड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारी आक्रोषित होकर काला बिल्ला लगा कर विरोध जताया है और कहा है कि सांसद काली चरण सिंह अविलंब माफी मांगे वर्ना हम लोग मजबूर होकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का बाध्य होंगे। लिखित प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों के विरुद्ध गाली सदृष्य भाषा का प्रयोग करते हुए कुत्ते की उपमा देते हुए अपमानित सांसद काली चरण सिंह द्वारा किया गया है ।जिसके विरोध में 26 फरवरी को बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता चतरा, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और जिले के सभी प्रखण्ड पदाधिकारी तथा समस्त जिला के अंचलाधिकारी मौजूद थे। बैठक में सांसद काली चरण द्वारा अमर्यादित भाषा का उपयोग किया जाना चर्चा में रहा। ज्ञात हो कि जिले में डीएमएफटी के मद से अधिष्ठापित सोलर लाइट में अनियमितता के जांच के संबंध में सांसद द्वारा अपने शिकायत पत्र में चमड़े की रखवाली कुत्ते को सौंपी गई है जैसे शब्दों का प्रयोग कर अपर समाहर्ता चतरा की अध्यक्षता में गठित जांच दल के संदर्भ में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग सांसद काली चरण सिंह द्वारा किया गया है। प्रशासनिक व्यवस्था में अपने दायित्वों का कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करने वाले और समाहर्ता के साथ साथ विद्युत विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं नगर विकास के विभाग के कार्यपालक अधिकारी को कुत्ते की उपमा देने एवं गाली सदृष्य भाषा का प्रयोग करना लोक सभा सदस्य जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को शोभा नहीं देता है। संघ के द्वारा सर्व समिति से ऐसे पूर्वाग्रहों से ग्रसित शब्दों की घोर निंदा की गई। संपूर्ण जिला इकाई ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा के प्रयोग का कठोर शब्दों भर्त्सना करती है।पूर्व में भी सांसद के द्वारा पूर्व उपविकास आयुक्त चतरा के विरुद्ध पथभ्रष्ट पतित एवं दुराचारी आचरण जैसे अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया था। जिसके आलोक में गुरुवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारियों के द्वारा काला बिल्ला लगा कर सांकेतिक विरोध जताया और कहा है कि सांसद अविलंब माफी मांगे एवं खेद व्यक्त करें वर्ना चरणबद्ध तरीके आंदोलन किया जाएगा।

## बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का किया निरिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के विभिन्न संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिन केंद्रों में इंटर मैट्रिक की परीक्षाएं ली जा रही है।जिसका औचक निरीक्षण सिमरिया बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि झारखंड अधिविद्य परीक्षा परिषद रांची द्वारा सिमरिया प्रखंड के तीन संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस दौरान बीडीओ ने सिमरिया इंटर कॉलेज में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षक से परीक्षा संबंधी जानकारियां ली तथा केंद्रों पर बनाए गए कंट्रोल रूम के साथ परीक्षा लिखा रहे छात्रों के कमरों का निरीक्षण कर कहा कि औचक निरीक्षण का मतलब परीक्षा की सुचिता को बनाए रखना तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेना होता है ताकि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराया जा सके।

## हिन्दुस्तान रेडियो सेंटर सह इलेट्रॉनिक शोरूम का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया बगरा रोड़ के बनहे पुल के समीप हिंदुस्तान रेडियो सेंटर सह इलेक्ट्रॉनिक शो रुम का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बनहे पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह, उपेंद्र सिंह, तैबुन निशा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर । सभी अतिथियों ने उक्त दुकान को फूलो फलो की कामना किया और कहा कि सिमरिया में जितना दुकान खुलेगा उतना हीं लोगों को समान खरीदारी में आसानी होगी। वहीं संचालक तैयब अंसारी ने कहा कि मेरे इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान में उचित कीमतों पर इलेक्ट्रॉनिक का विभिन्न प्रकार फ्रिज, एसी, कूलर वाशिंग मशीन गीजर इन्वेंटर आदि घरेलू उपयोग में आने वाली समान मिलेगा। मौके पर मौलाना अकिल रजा मिस्बाही, साजिद अंसारी, मो नासिर, मो एजाज, मो इसरार, दिलीप केशरी, आफताब अंसारी के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## सहायक अध्यापकों ने दिखाई दया दृष्टि, मृतक निरंजन भुईयां के परिवार को किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेक्सा में पद स्थापित सहायक अध्यापक निरंजन भुईयां का मौत 20 फरवरी को इलाज के दौरान रांची रिम्स में मृत्यु हो गई थी। जिसके परिवार को प्रखंड के सभी सहायक अध्यापको ने मिलकर स्वं निरंजन भुईयां के परिवार को सहयोग राशि के रूप में 41500 एकतालिस हजार पांच सौ रुपये दिए। जिसमें मुनेश्वर यादव भीम यादव राकेश कुमार महेंद्र यादव सोहन राणा अमरेश कुमार संदीप सिंह राजेश नापित रामदेव पासवान संजय दागी मजु राणा सुरेंद्र तिवारी गंगाधर राणा मुना राणा विजय दांगी। राम कुमार यादव प्रखंड अध्यक्ष गिद्धौर का योगदान रहा है।ऐसे नेक कार्य कर लोगों ने एक दूसरे को सहयोग करने की निर्णय भी लिए हैं।बता दें की सहायक अध्यापक घर से अत्यंत गरीब था। और निरंजन भुईयां पेक्शा गांव का निवासी था।

## झामुमो पंचायत कमेटी का गठन किया गया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सबानो पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयुक्त संयोजक मंडली देवनंदन साहु, मलेश्वर प्रसाद साहू, प्रखंड अध्यक्ष रमन कुमार साहू, भूपेंद्र ठाकुर के उपस्थिति में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष मोहम्मद कुदूस, सचिव विकास कुमार राणा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, संगठन सचिव शंकर भुइंया, कार्यकारिणी सदस्य अनिल ठाकुर, बबलू मलिक, असीमुद्दीन, प्रदीप कुमार राणा, निरंजन शाह, खेमलाल साहू, मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी, अनूप साहू, अशोक साहू और कैलाश वर्मा को बनाया गया। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति समर्पित होकर संगठन के लिए कार्य करने की शपथ लिया।

## सुग्गाबांध के समीप सड़क दुर्घटना में दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** बारेसाढ़ से सुग्गाबांध आ रहे तीन बाईक सवार सड़क पार कर बच्चे को बचाने के क्रम में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। मोटर साइकिल सवार नाबालिक थे। बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चला रहे थे। घायल कृष्णा राम,अमित तिर्की को चेहरे और हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है। सभी घायल को ग्रामीण की मदद से महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

## बालूमाथ में महाशिवरात्रि पर भक्ति जागरण और कीर्तन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हजारीबाग से आए श्रीराम जागरण मंडली के कलाकारों ने ओम नमः शिवाय, हर हर गंगे जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनमें गायक सुरेश मिश्रा और गायिका काजल कुमारी के गीतों को विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम में संतोष अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, विजय कुमार, संजय कुमार, मुकेश सोनी, विकास कुमार शुक्ला, विकास कुमार, प्रिंस सिंह, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार, मनोज भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।इसके साथ ही, बालूमाथ थाना परिसर में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, एसआई गौतम कुमार, के.के. शर्मा सहित कई पुलिसकर्मी भक्ति में लीन नजर आए। थाना में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## राजबार कोयला खदान शुरू करने को लेकर पर्यावरणीय जनसुनवाई हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला खेल स्टेडियम के परिसर में पर्यावरण प्रभाव को लेकर जनसुनवाई अपर समाहर्ता श्रामा रविदास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के द्वारा प्रस्तावित राजबार ऑपन कास्ट कोयला खदान के प्रारंभ होने की प्रक्रिया में आज एक कदम संपन्न हो गया।इस अवसर पर राजबार कोयला खदान के तहत आने वाले राजस्व गांव जेरांग, राजबार, रेंची, लेजांग, डडिया और सेरक के प्रभावित ग्रामीण ने कोयला खदान खुलने से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण संबंधी प्रभाव आकलन और प्रयावरण प्रबंधन योजन संबंधी अपने अपने समस्याओं को रखा, जिस पर कार्यक्रम में मौजूद राज्य प्रदुषण बोर्ड के अधिकारी और कंपनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों के सवालों का जवाब दिया। मौके पर अपने अध्यक्षीय उदगार में अपर समाहर्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि इस जनसुनवाई में प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने पर्यावरण संबंधी बातों पर अपनी सहमति दी है। जनसुनवाई में प्रभावित ग्रामीणों के साथ साथ लातेहार, चंदवा व बालूमाथ के अंचलाधिकारी के अलावे टीवीएनएल के गंगा रविदास, जगन्नाथ टूडू, रमेश कुमार सिंह, रंजीत कच्छप, एलएम गुप्ता समेत अन्य संबंधित लोग मौजूद थे।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे पारा शिक्षक का निधन



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरसा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोंगाडीह के पारा शिक्षक मुनेश्वर राम नगेसिया का 27 फरवरी को उनके आवास पर निधन हो गया। लंबी बीमारी के दौरान आर्थिक तंगी और कई महीनों से मानदेय बंद होने के कारण उनका उचित इलाज नहीं हो सका। पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार गुप्ता ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के चलते उनकी बायोमीट्रिक हाजिरी नहीं बन पा रही थी, जिससे उनका वेतन रुका हुआ था। संघ ने मृतक शिक्षक का बकाया मानदेय शीघ्र जारी करने की मांग की है।

## पुराने बोरिंग के सामने किया नया बोरिंग पुराना हुआ ध्वस्त ग्रामीणों को पानी की संकट




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ऊपर टोला में स्थित लोटर डैम के समीप सरकारी जमीन पर सरकारी योजना के तहत

## पलामू में आजसू की प्रमंडल स्तरीय बैठक, संगठन विस्तार को लेकर बनी रणनीति

# जनमुद्दों की लड़ाई आजसू की पहचान : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी की प्रमंडलीय स्तर की बैठक पलामू में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन विस्तार और जनसंपर्क को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने बैठक में हिस्सा लिया और संगठन के आगामी कदमों पर विचार व्यक्त किए।




**ग्रामीण स्तर पर संगठन को मिलेगा बल, 50 प्रखंडों में बनेगी ग्राम कमेटी**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पलामू प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले 50 प्रखंडों में ग्राम कमेटियों का गठन किया जाएगा। इन कमेटियों का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना और संगठन को और सशक्त बनाना होगा। प्रत्येक प्रखंड में कमेटी के प्रभारी और पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो बूथ स्तर तक पार्टी का संदेश फैलाएंगे और जनता के मुद्दों को उठाने में मदद करेंगे।

**सुदेश महतो ने कहा, हम मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाएंगे और झारखंडी हितों की आवाज को बुलंद करेंगे**

बैठक में सुदेश महतो ने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि झारखंडी मुद्दों पर हमारी पार्टी की मजबूत और प्रभावशाली उपस्थिति जरूरी है। हम राज्य के हर प्रखंड में जाएंगे और संगठन का विस्तार करेंगे, ताकि हमारी पार्टी मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा सके और जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनमुद्दों कि लडाई आजसू कि पहचान रही है। हम अन्याय के खिलाफ आन्दोलन करेंगे। झारखंड के खनिज और संसाधनों की लूट को रोकेंगे*

**झारखंड को हम ही बचाएंगे : देवशरण भगत**

झारखंड को हमने बनाया है। हम ही संवारेंगे। झारखंड निर्माण आजसू ने कराया है। इस राज्य को हम ही संवारेंगे। हम राज्य निर्माण का दर्द जानते हैं। राज्य के मुद्दों को लेकर हम संघर्ष तेज करेंगे। मुख्य बिपक्ष की भूमिका में हम लड़ेंगे। झारखंड और झारखंडियात की लड़ाई को तेज करेंगे।

**संजय मेहता ने कहा, आजसू पार्टी हर गाँव में पहुँच कर झारखंड को सशक्त बनाएगी**

पार्टी के युवा नेता संजय मेहता ने इस बैठक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक पहुँचाना है। ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है, ताकि हर गाँव तक पार्टी की पहुँच हो सके। इस कदम से संगठन को न केवल बल मिलेगा, बल्कि आम जनता को सशक्त नेतृत्व भी मिलेगा। संजय ने कहा कि झारखण्ड में पार्टी का विस्तार 32 हजार से अधिक गांवों तक होगा।

**सोशल मीडिया टीम बनेगी, सुदेश महतो जाएंगे प्रत्येक प्रखंड में**

बैठक में यह भी तय किया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों को और भी ज्यादा प्रभावी रूप से प्रचारित किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा, जो पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर फैलाएगी।

**पलामू प्रमंडल के 6 अनुमंडलों में सभी 50 प्रखंडों और 9 नगर इकाइयों में बनेगी कमेटी**

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि पलामू प्रमंडल के अंतर्गत 6 अनुमंडल में 50 प्रखंडों और 9 नगर इकाइयों में पार्टी की कमेटियाँ बनाई जाएंगी। यह कदम पार्टी के संगठन को और मजबूत करेगा और लोगों के बीच पार्टी की उपस्थिति को बढ़ाएगा।

**पार्टी की मुख्य विपक्ष की भूमिका, झारखंडी मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा**

आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश्य झारखंडी मुद्दों पर संघर्ष करना और राज्य के जनहित के लिए कार्य करना है। पार्टी ने यह संकल्प लिया है कि वह हर गाँव, हर पंचायत तक पहुँच कर जनता की समस्याओं का समाधान करेगी और राज्य के विकास के लिए निरंतर काम करेगी।

**सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने का लिया संकल्प**

बैठक के दौरान उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया और इसे ऐतिहासिक करार दिया। पार्टी ने यह निर्णय लिया कि वह हर कदम पर जनता के साथ खड़ी रहेगी और झारखंड को एक नया दिशा देने के लिए संघर्ष करती रहेगी। आज पलामू प्रमंडल स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक जनता लॉज, बेतला नेशनल पार्क में पलामू प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न। पार्टी पदाधिकारियों की इस बैठक को मुख्य अतिथि पार्टी अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो जी ने संबोधित करते हुए संगठन विस्तार हेतु मुख्य बिंदुओं और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, झारखंड आंदोलनकारी श्री प्रवीण प्रभाकर, विजेता वर्मा, संजय मेहता ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, गुप्तेश्वर ठाकुर, विकेश शुक्ला, इम्तियाज़ नाजमी, बबलू गुप्ता, विजेता वर्मा, विजय कुमार, उमेश कुमार, तुलसी शुक्ला, दिलीप चौधरी, अमित पांडेय, दीपक शर्मा, परवाज़ खान, चम्पा देवी, संजय मेहता जी के साथ साथ प्रमंडल क्षेत्र के सातों जिला के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की किया समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की भौतिक स्थिति, पोषण अभियान अंतर्गत पोषण ट्रैकर ऐप में लाभुकों का आधार सत्यापन, टी.एच.आर. के वास्तविक लाभुक एवं पोषण ट्रैकर ऐप में प्रविष्टि में अंतर, आंगनबाड़ी केंद्रों में टी.एच.आर. वितरण की स्थिति, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका की रिक्ति की स्थिति, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना की स्थिति, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के मानदेय/अतिरिक्त मानदेय भुगतान की स्थिति, पोषाहार मद में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की स्थिति, मिशन वात्सल्य योजना आदि के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को केंद्र व




राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में बेहतर व प्रशंसनीय कार्य करने पर बधाई दी। तत्पश्चात उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को समय-समय पर सेंटर विजिट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सेंटर विजिट कर वहां कि व्यवस्था,रखरखाव, शौचालय, पानी, बिजली आदि की स्थिति का रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेषकर शौचालय और पानी कार्यात्मक है कि नहीं इसे रिपोर्ट में मेंशन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि बहुत सारे आंगनबाड़ी केंद्रों का मॉडलाइजेशन किया गया है और अभी भी आंगनबाड़ी केंद्रों में काफी मेहनत करने की जरूरत है। आने वाले समय में कई नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाना है। उन्होंने लाभुकों का आधार सत्यापन ससमय कर लेने हेतु सभी को निर्देशित किया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने कहा कि महिला पर्यवेक्षिकाओं को सेंटर चिन्हित करके कार्य करने की आवश्यकता है। सेंटर चिन्हित कर कार्य करने में काफी सुविधा व सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से आंगनबाड़ी केंद्रों में टी.एच.आर. का वितरण फेस ऑथेंटिकेशन से किया जाएगा। फेस ऑथेंटिकेशन का प्रशिक्षण महिला पर्यवेक्षिकाओं को दिया जा चुका है। सेविकाओं का प्रशिक्षण मार्च के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कर ली जाएगी। स्पॉन्सरशिप योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में 192 नए बच्चे को लाभान्वित किया गया है। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# चार एकड़ जमीन पर किये जा रहे अफीम की खेती को किया गया नष्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चौपारण :** थाना क्षेत्र के ग्राम गरमोरवा के बेलवा जंगल और कस्बा तारी जंगल में अवैध रूप से लगभग चार एकड़ जमीन पर अफीम की खेती की जा रही थी। थाना प्रभारी ने पुलिस, सशस्त्र बलों एवं वन विभाग की संयुक्त टीम के साथ मिलकर इस अवैध खेती पर तेजी से कार्रवाई की। इस अभियान में अफीम के पौधों को विनष्ट कर दिया गया और अवैध खेती में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल अवैध नशीली पदार्थों के व्यापार को रोकना है, बल्कि वन्यजीवन और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना है। अफीम की अवैध खेती से पर्यावरण में असंतुलन और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से अपराधी नेटवर्क को बल मिलता है और वे सामाजिक अस्थिरता को बढ़ावा देते हैं। जांच के दौरान स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की त्वरित पहचान संभव हो सकी। पुलिस ने जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध



गतिविधि की सूचना तुरंत देने में सहयोग करें। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि कानून का दायरा किसी अपराधी को भी छुपाने नहीं देगा। आगे की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की सफल कार्रवाई से भविष्य में भी अवैध खेती तथा नशीले पदार्थों के व्यापार पर अंकुश लगाया जाएगा। इस अभियान से स्थानीय सुरक्षा में सुधार और समाज में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

# बरही चौक पर भीषण जाम से जनता बेहाल, विधायक मनोज यादव ने शून्य काल में उठाया मुद्दा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिले के बरही अनुमंडल मुख्यालय का बरही चौक, जो बिहार और उत्तर प्रदेश से झारखंड में प्रवेश का प्रमुख चौराहा है, लगातार भारी जाम की समस्या से जूझ रहा है। इस चौक पर आए दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ मालवाहक और निजी वाहनों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने इस गंभीर समस्या को झारखंड विधानसभा में शून्य काल के दौरान उठाया और सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि बरही चौक की जाम समस्या से न केवल आम जनता परेशान है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कहा कि बरही चौक झारखंड के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है और यह एक महत्वपूर्ण यातायात जंक्शन भी है। लेकिन लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण राहगीरों को घंटों जूझना पड़ता है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, व्यापारी और आम लोग इस जाम के कारण काफी प्रभावित हो रहे हैं।

**विधायक ने सरकार से की ठोस समाधान की मांग**




विधायक मनोज कुमार यादव ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। उन्होंने मांग की कि इस क्षेत्र में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। विधायक श्री यादव ने बताया कि बरही चौक पर बढ़ते यातायात दबाव के कारण चौड़ीकरण, बाईपास रोड निर्माण, ट्रैफिक सिग्नल और सुगम यातायात व्यवस्था जैसे विकल्पों पर विचार करने की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन और सरकार को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# महाशिवरात्रि के पावन बेला पर विष्णुगढ़ में निकाली गई बारात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** महाशिवरात्रि सुअवसर बुधवार को विष्णुगढ़ थाना से बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। बारात विष्णुगढ़ थाना से विष्णुगढ-गोमियाँ मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी तट पर स्थित भगवान शिव - पार्वती मंदिर तक गई। बारात जाने के दौरान भक्तों ने ढोल नगाड़े की धुन पर जमकर नृत्य कर रहे थे। बारात में बारातियों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाए,उत्सव के इस माहौल में तब चार चाँद तब और लग गया जब भगवान की भोलेनाथ की वेशभूषा तांडव नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। बारात निकलने के पूर्व थाना परिसर में स्थित शिवालय में आचार्य पुरेन्द्र ने पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना के



साथ रुद्राभिषेक किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय समेत सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना करने को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी जो दोपहर बाद तक जारी रहा।कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु देखे गये।इस अवसर पर शिव मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु बारात में शामिल थे। शिवरात्रि के मौके पर विष्णुगढ़ ,चलनिया नावाडीह, नवादा, बनासो, चानो, नागी, बंदखारो, गाल्होबार, खरकी, नरकी, कोनार डैम, करगालो, अचलजामु, सीरय, वराय, गैड़ा, अलपिटो,मुर्गावो, खरना, भेलवारा, गोविंदपुर, कुसुम्भा समेत विभिन्न शिवमन्दिरों में शिवरात्रि के मौके पर हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना की गई।

# प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ सीओ ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने गुरुवार को क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ अहम बैठक किया. बैठक में उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालकों को आय जाती आवासीय के कार्य में मिल रही त्रुटियों पर सीओ ने सुधार लाने का निर्देश दिया. साथ हीं कहा कि कुछ प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा निर्धारित राशि 30 रुपए से अधिक लिए जाने की शिकायत मिल रही थी जिसपर संबंधित संचालकों को सख्त हिदायत दिया गया. इसके साथ ही आय जाती आवासीय के कार्य में आधा अधूरा दस्तावेज जैसे एफिडेविट खतियान समेत अन्य दस्तावेज प्रोपर नहीं मिलता है जिसमें सुधार की आवश्यकता है. बैठक में राजस्व निरीक्षक मो शमीम उप निरीक्षक जितेंद्र रंजन राजेश कुमार प्रज्ञा केंद्र संचालकों में अजय कुमार कामेश्वर ठाकुर मिथलेश मुन्ना प्रभु कुमार बैजनाथ कुमार कामेश्वर पिंटू समेत क्षेत्र के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे.

# अवैध बालू खनन कर परिवहन कर रहे छः ट्रैक्टरों को किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार प्राप्त गुप्त सूचना के आलोक में खनन विभाग के द्वारा सघन जाँच अभियान चलाया गया जिसमें बड़कागाँव थाना क्षेत्र के नदियों से बालू का खनन कर परिवहन किये जाने के मामले में कुल 06 ट्रैक्टर टॉली सहित पकड़ा गया,जिसपर बालू खनिज लदा हुआ था। इस कारवाई के उपरांत अवैधकर्ताओं के विरूद्ध कटकमदाग थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया, जिसकी थाना काण्ड संख्या 40/25, दिनांक 27.02.2025 दर्ज है। इसके पूर्व भी दिनांक तीन बालू लदे ट्रैक्टर एवं स्टोन चिप्स लदे दो हाईवा को पकड़ा गया था। इसके विरूद्ध भी नियमानुसार आवश्यक कारवाई की जा रही है। बड़कागांव थानान्तर्गत अवस्थित नदियों से बालू खनन के संदर्भ में अवैधकर्ताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज है, जिसका थाना काण्ड संख्या 38/25, दिनांक 22.02.2025 दर्ज है। खनन विभाग द्वारा बड़कागाँव अवस्थित दो बालू स्टॉक यार्ड के जाँच के क्रम में अनियमितता पाये जाने के कारण नियम संगत आवयश्क कारवाई की जा रही है। उपायुक्त के निदेशानुसार अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जाँच/छापेमारी लगातार जारी रखा जायेगा।

# खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के लिए बरही प्रखंड परिसर में लगाया गया शिविर




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वास्थ्य चिकित्सा-सिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राज्य सरकार के निर्देशानुसार हजारीबाग जिला के अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य-चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गूग्गी के द्वारा बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्ट्रीट फ़ूड वेंडर, ठेला-खोमचा एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए एक दिवसीय जागरूकता सह अनुज्ञप्ति पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे कुल 42 का पंजीकरण निर्गत किया गया। मौके मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो उपस्थित हुए, और इनके द्वारा पंजीकरण वितरण किया गया। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा एवं सूरज कुमार उपस्थित थे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गूग्गी ने ठेला-खोमचा या परिसर में व्यक्तिगत स्वछता के साथ साथ उपयोग में आने वाले बर्तन, सफाई में उपयोग होने वाले कपडे के साथ ठेला - खोमचा एवं परिसर की सफाई रखने का निर्देश दिया। खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेट पर निर्माण तिथि,उपयोग की अंतिम तिथि व एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से देखने का निर्देश दिया गया। भोजन बनाते समय एप्रन, टोपी, सिर पर कोई आवरण, मास्क अनिवार्य रूप से पहनने का भी निर्देश दिया गया।

# शिवपुरी में धूमधाम से निकली शिवबारात, हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हुआ शिवपुरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारीबाग के विभिन्न शिवालयों से भव्य शिवबारात निकाला गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे क्षेत्र में हर हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। इसी क्रम में शिवपुरी के बाबा मालकेश्वर नाथ मंदिर (दक्षिणी शिवपुरी शिव मंदिर) से भव्य शिव बारात निकला जो श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ ( दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर ) से शिवपुरी चौक , ललन साहू चौक होते हुए मुहल्ले के विभिन्न चौक होते हुए पुनः बाबा मालकेश्वर नाथ मंदिर (दक्षिणी शिवपुरी शिव मंदिर ) पहुंचा जहां बारात का भव्य स्वागत किया गया द्य बारात के दौरान शिव बारात में शामिल हजारों महिला पुरुष युवक युवती बच्चे भक्ति गाने पर नाचते थिरकते नजर आए , बारात के दौरान श्रद्धालुओं ने हर हर बम बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते रहे , बारात में शामिल सभी के चेहरे पर अबीर गुलाल लगा था द्य जयकारों के साथ



भक्ति में झूमते लोग भक्ति में लिन नजर आए जिसमें भगवान शिव के विभिन्न रूपों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। शिवबारात की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल भोलेनाथ के भक्त शामिल हुए, बल्कि उनके साथ भूत-प्रेत, गण, अघोरी और राक्षसों के वेश में श्रद्धालु भी झूमते नजर आए। इस अवसर पर समाजसेवी निशांत कुमार प्रधान ने कहा कि शिवबारात हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में समरसता और भाईचारे का संदेश भी देता है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शिवजी सभी पर कृपा बनाए रखें और सबके जीवन में सुख-समृद्धि लाएं। शिवबारात के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल ने पूरे मार्ग पर निगरानी रखी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने भी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग किया। मौके पर डॉ प्रो प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास , राजीव प्रताप, संतोष कुमार, राहुल कुमार, सुचित कुमार, शशी कुमार भारती, संजीव कुमार सिन्हा, प्रिंस सेठ,विशाल कुमार, मुन्नु कुमार, अरुण कुमार, निखिल कुमार रोहित कुमार देव, रवि कुमार, टूटू, रोहित पुरियार, प्रणव सिन्हा,राहुल सिंह, किशन कुमार, सोनू कुमार, सुनील कुमार, प्रकाश कुमार, टिंकू सिन्हा, सहित मुहल्ले के सैकड़ों महिला पुरुष युवक युवती बच्चे शामिल थे ।

# विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ.अरुण ने किया सिटी डाइग्नोस्टिक लैब का उद्धघाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ प्रखण्ड मुख्यालय में गुरुवार को विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ.अरुण कुमार सिंह ने विधिवत फीता काटकर सिटी डाइग्नोस्टिक लैब का उद्धघाटन किया गया। इस मौके पर बात चीत के दौरान डॉ.अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विष्णुगढ़ में आस-पास के कई प्रखंडों से लोग इलाज कराने को आते है,यह बात तो स्पष्ट है,कि विष्णुगढ़ चिकित्सा के क्षेत्र एक हब बनकर उभरा है।इस तरह के आधुनिक लैब के खुलने से इसमें और इजाफा होगा और लोगो को और बेहतर इलाज कर पाना आसान होगा। इस सम्बंध में बताया गया कि सिटी डाइग्नोस्टिक पूर्ण रूप से कम्प्यूटराइज है ,सभी प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध हैं,ईसीजी भी की जायगी।इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है जिसमे दो तरह के रजिस्ट्रेशन होते है जिसमे क्रमश दस प्रतिशत एवं बीस प्रतिशत की छूट दी जाती है।लैब का प्रधान कार्यालय हजारीबाग में है जो कौशल्या प्लाजा गाड़ीखाना हजारीबाग है। शुरुआत में कलेक्शन सेंटर रूप में विष्णुगढ़ में कार्य किया जायगा।मौके पर प्रो सोनम प्रिया,सुधा प्रधान, डॉ प्रदीप प्रधान,डॉ इम्तियाज,डॉ संगीता कुमारी, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, सोबरन भगत,संजीव बख्सी, विभूति सिन्हा, डॉ रूपेश गुप्ता, विजय कुमार, उर्मिलेश झा, दीपू अकेला, मनोज शीतल,इकबाल अहमद, इमरान खा, सन्दीप कुमार, भोला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत महिला स्वास्थ्य कर्मी को दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में एएनएम संजू कुमारी सिंह के निधन पर उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में शोकसभा आयोजित की गई। मौके पर उपस्थित डॉक्टर व अस्पताल कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। जानकारी के अनुसार संजू कुमारी सिंह की निधन बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई थी। मौके पर उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अंकुर विहान, डॉ. अमन प्रसाद, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, टीवी पर्यवेक्षक राजनीति विजेंद्र कुमार, एचएम सुधांशु शेखर, एएनएम सुनीता कुमारी, ममता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, लैब टेक्नीशियन अनिता कुमारी, शाहिद अली सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।


# अग्रवाल युवा मंच के द्वारा भव्य श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा की तैयारियां पूरी, 3 मार्च को होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** अग्रवाल युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह यात्रा 3 मार्च को मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण से शुभारंभ होगी और शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होकर पुनः मंदिर परिसर में संपन्न होगी। इस पावन अवसर पर पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण रहेगा। विभिन्न चौक-चौराहों पर समाज के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और श्याम भक्तों द्वारा भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा की जाएगी। जगह-जगह भजन का आयोजन होगा, जिससे पूरा नगर श्याममय हो उठेगा। यात्रा के दौरान बाबा श्याम की आरती भी किया जाएगा।

**फाल्गुन मास में विशेष महत्व :** फाल्गुन का महीना बाबा श्याम के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन माह में हर श्याम प्रेमी श्याम नाम की धुन में रम जाता है। अग्रवाल युवा मंच हर वर्ष फाल्गुन में इस भव्य आयोजन को संपन्न कराता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर भाग लेते हैं।

**251 निशान के साथ हजारों भक्तों का समागम :** इस वर्ष 251 महिला एवं पुरुष भक्त पवित्र निशान लेकर नगर भ्रमण करेंगे। इस यात्रा में 500 से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी, जो बाबा श्याम के



जयकारों, भजन-कीर्तन और फूलों की होली के बीच इस पावन यात्रा को भव्य बनाएंगे। महिलाएं लाल-पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता-पायजामा धारण कर बाबा श्याम के भजनों पर नृत्य करते हुए नगर भ्रमण करेंगे। पूरे आयोजन को ऐतिहासिक और दिव्य रूप में संपन्न करने के लिए अग्रवाल युवा मंच एवं समस्त श्याम प्रेमी पूर्ण तत्परता से जुटे हुए हैं।

**निशान यात्रा का निर्धारित रूट :** राणी सती मंदिर, बड़ा अखाड़ा चौक जादो बाबू चौक, महावीर स्थान, कुम्हार टोली,बजरंगी चौक, सेठ महुल्ला, पंच मंदिर चौक,मस्जिद रोड, बड़ा बाजार बंशीलाल चौक से झंडा चौक होते हुए राणी सती मंदिर पहुंचेगी। अग्रवाल युवा मंच सभी नगरवासियों और श्याम प्रेमियों से इस भव्य निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करने का आग्रह करता है। आइए, इस पावन फाल्गुनी माह में बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर हों और इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाएं।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी
चाईबासा रोड, खूँटी, पिन– 835210 फोन नं० – 06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना सं०–02/2024-25, दिनांक– 27.02.2025

प्रथम आमंत्रण

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाताकानाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,खूँटी।
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :–28.02.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–06.03.2025 को 04:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :–07.03.2025 को 04:00 बजे अपराह्न तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–I.अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। II.कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी
8. कार्य का नाम :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी, अन्तर्गत चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवष्यक 125 x 115 मि०मि० व्यास के हैण्डपम्प I.M.-II & I.M.-III (65 मि०मि० एवं 50 मि०मि०) के लिए अद्यतन संषोधित आई० एस०– 15500 (पार्ट– 1-7)/2004 के अनुसार Spare Part की आपूर्ति वर्ष 2024-25 | | | | | 01 (एक) माह |
| | D.W. & S. Division, Khunti | SPKHN | 43.02086 | 0.86100 | 0.05000 | |

•निविदा के नियम एवं शर्तें आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

ह०/–
(सुरेन्द्र कुमार दिनकर) कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 347287 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

# सोसोकलाँ की घटना पर भाजपानीत राजग का अनिश्चितकालीन धरना हुआ शुरू

- सरस्वती पूजा विसर्जन के दिन हुई थी पत्थरबाजी
- वर्तमान सरकार तुष्टीकरण की नीतियों पर चल रही है : मनीष जायसवाल
- प्रशासन एक साजिश के तहत कार्य कर रही है : चन्द्र प्रकाश चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गुरुवार को गोला डाकबंगला के पास भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अनिश्चित कालीन धरना का आयोजन हुआ। ये धरना कार्यक्रम गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसोकलाँ गाँव के केवट मुहल्ला में सरस्वती प्रतिमा के विसर्जन के समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विसर्जन करनेवालों पर पत्थरबाजी की गई थी तथा महिलाओं और बच्चियों के साथ भी बदसलूकी की घटना के विरोध में किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता तथा संचालन जिला महासचिव विजय जायसवाल ने की। इस मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार तुष्टिकरण की नीतियों पर चल रही है तथा धार्मिक उन्माद फैलाकर समाज में विद्वेष फैलाने वाले तत्वों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने संसद के बजट सत्र में भी सोसोकलाँ की घटना को उठाया था। इस मौके पर गिरीडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि प्रशासन एक साजिश के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने गत दिनो हुए चितरपुर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार अपनी मानसिकता को बदले नहीं तो उग्र आंदोलन से भी इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन बहुसंख्यक सनातनी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। सभा को







प्रवीण मेहता, राजु चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, विजय ओझा, आजसु जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, मनोज महतो, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पंचम चौधरी, संजय प्रभाकर, डॉ. संजय सिंह, चन्द्रशेखर पटवा ने भी संबोधित किया। मौके पर रंजीत सिन्हा, अनमोल सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, चन्द्रशेखर चौधरी, अजय ओझा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, जलेश्वर महतो, धनंजय पुटूस, बबलू साव, रवि हाजरा, विकास मणि पाठक, प्रीतम झा, उज्जवल चक्रवर्ती, गोविंद मुंडा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।शिवरात्रि पर देर शाम गौरी शंकर मंदिर उरीमारी में शिव बारात का किया गया स्वागत ।

## पीवीयूएनएल द्वारा सीएसआर के तहत जिला प्रशासन रामगढ़ को उपलब्ध कराई गई 1 करोड़ 76 लाख रुपए की राशि



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर पीवीयूएनएल द्वारा जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत 1 करोड़ 76 लख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में 1 करोड़ 76 लख रुपए की राशि का चेक सौंपा गया। मौके पर उपायुक्त के द्वारा पीवीवीएनएल द्वारा किए गए इस पहल की सराहना की गई। पीवीयूएनएल द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जाएगा वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा कराया जाएगा।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा एक गरीब बेटी की शादी मे किया गया सहयोग



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा एक बेटी को शादी के लिए कपड़े,कॉस्मेटिक्स ,पर्स,डिनर सेट, बैडशीट, शॉल, बैग, जूते, आर्टिफिशियल ज्वैलरी एवम् कुछ नगद पैसे सेवा भाव से दिए गए।मौके पर पिंकी पोद्दार, नवालजीत कौर, स्वीटी सोनी,रंजू अरोड़ा,श्वेता जैन,नमिता श्रॉफ, ममता अग्रवाल,जसविंदर होरा,आदि लोग मौजूद थे ।

## अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर किया गया स्थल निरीक्षण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को आरसीसीएफ पदाधिकारी श्री वेंकटेश्वरलू के द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अन्य वन अधिकारियों एवं सीसीएल के पदाधिकारियों के साथ रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू1 प्रखंड के बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अलग-अलग स्थलों पर अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया जिन्हें वन विभाग द्वारा बंद कराने का कार्य किया जाएगा।

## बुढ़वा महादेव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन पूर्णाहुति के साथ संपन्न

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के अवसर पर भुरकुंडा के प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर प्रक्षेत्र ÷हरे राम, हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे की ध्वनि से भक्ति में सराबोर रहा। अवसर पर पंडित सीताराम वैद्य ने विधिवत पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति संपन्न कराई। यजमान के रूप में अशोक तिवारी सपत्नीक पूजा पर बैठे। वहीं पूजा के उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी और बूंदिया ग्रहण किया।



## शिव बारात में शामिल बारातियो को माला पहनाकर राजू यादव ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी चेकपोस्ट स्थित गौरी शंकर मंदिर में शिवरात्रि पर देर शाम उरीमारी ओपी से आए भगवान भोलेनाथ कि शिव बारात का स्वागत किया। वहीं गाजे-बाजे के साथ आए शिव बारात कि टोली में भुत पिचाश के साथ शामिल उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम,युनियन नेता विंध्याचल बेदिया,कानू मरांडी, नरेश करमाली, उपमुखिया सतीश कुमार,कृष्णा कुमार दुबे,रश्कि किस्कू,संजय यादव,भक्ता चरन, रविन्द्र बैठा,गौतम प्रसाद,एलबी यादव, रघुपति यादव का गौरी शंकर मंदिर परिसर में मौजूद आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,सीताराम किस्कू, मुखिया चरका करमाली,डा सुनील कुमार,विश्वनाथ मांझी,गणेश



राम, रंजित करमाली ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं गौरी शंकर मंदिर के पुजारी ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। वहीं पुजा के पश्चात शिव बारात पुनः उरीमारी ओपी पहुंची। जहां शिव बारातीयो को जलपान कराया गया। वहीं रात्रि में गौरी शंकर मंदिर में पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शिव विवाह संपन्न कराया गया। वहीं इस मौके पर श्याम सुंदर प्रसाद, रामप्यारे शर्मा,टहल गोप, भोला यादव, भोला रविदास, चंदू जयसवाल,नाथु प्रसाद,जुरा सोरेन, राजू पासवान, सुखदेव करमाली, शैलेश सिंह,दीपक यादव, विनय चौहान आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## झामुमो रैयत विस्थापित प्रभावित समिति के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** गुरुवार को, पतरातू प्रखंड के अंतर्गत लेक रिसोर्ट के पास झामुमो रैयत विस्थापित प्रभावित समिति के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताना चाहते हैं। कि सोशल मीडिया के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पीवीयुएनएल प्रबंधन के द्वारा विस्थापित-प्रभावितों के प्रतिनिधियों को नियुक्ति देकर 25 गांव के विस्थापित-प्रभावितों के हक-अधिकार के आंदोलन को बेचने का काम किया गया। एवं पीवीयुएनएल प्रबंधन के मिलीभगत से विस्थापित-प्रभावित के प्रतिनिधियों ने मोटी रकम लेकर बाहर के लोगों को भी नियुक्ति किया जा रहा है। पीवीयुएनएल कंपनी के उच्च पदाधिकारीयों और जिला प्रशासन से मांग करते हैं। कि जो भी



विस्थापित प्रभावित के हक-अधिकार को बेचने एवं छीनने का काम किया है। वैसे भ्रष्ट पीवीयुएनएल प्रबंधन और विस्थापित प्रतिनिधियों(जयचंद) का नाम उजागर जल्द से जल्द किया जाए। ये सभी समस्याओं को लेकर हम झामुमो रैयत विस्थापित-प्रभावित समिति,पतरातू के बैनर तले 25 गांव के हक़-अधिकार को लेकर दिनांक-03/03/2025 ,दिन सोमवार को मांग पत्र पीवीयुएनएल प्रबंधन,को सौंपा जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक रंजीत बेसरा, अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, सचिव मुमताज अंसारी, आजाद राय, सुरेंद्र उरांव, सन्नी मुंडा, सुनील मुंडा, आनंद मुंडा उपस्थित हुए।

## डैलीपैइंडा ऐतिहासिक धरोहर, इसका सब मिलकर करेंगे संरक्षण : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड गोडातू बड़की डैली पैयला पर्वत धाम में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को आशीर्वाद लेने विधायक ममता देवी पहुंची। उन्होंने डैलीपैइला का आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर की विधायक ममता देवी ने कहा कि डैलीपैइंडा एक ऐतिहासिक धरोहर है और इसे संजोना भी हमारा काम है।क्षेत्र के ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख स्थल है। आसपास के गांवों के ग्रामीणों की आस्था इस कदर है कि पहाड़ की चोटी में अवस्थित डैलीपैइंडा में पूरी भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इस धार्मिक स्थल को संरक्षित रखने का संकल्प लिया और कहा कि इसका सही संरक्षण एवं रखरखाव किया जाएगा ताकि इसकी धार्मिक और सामाजिक महत्ता बनी रहे। आमजन ने पर्वत धाम को संजोकर रखने की बात कही।ग्रामीणों का कहना है कि डैलीपैइंडा में सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है। गरीब किसान अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए यहां पूजा-अर्चना करते हैं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सुनिल करमाली प्रमुख रेणु देवी धर्मधीर महतो सुरेन्द्र करमाली मुखिया संजू चौधरी प्रमेशवर पटेल शौलेश चौधरी बबिता देवी मुखलाल महतो वरुण कुमार कैलाश कुमार मुकेश कुमार बटेश्वर प्रसाद महावीर महतो बालेश्वर मुंडा अरजलाल महतो पुष्कर महतो व सौकडो लोग मौजूद थे।

## भीषण सड़क दुर्घटना में गई तीन जान, युवकों का शव भुरकुंडा एवं भदानीनगर पहुंचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा और भदानीनगर के अलावा रांची के युवक का प्रतापगढ़ में हुई भीषण सड़क दुघर्टना में चार युवकों की जान गई थी जिसमे आज तीन युवकों का शव आने के बाद पूरा कोयलांचल गमहीन हुआ मृतक के परिवार जनों का रो-रोकर बूरा हाल हुआ साथ ही आसपास के लोग भी गम में डूबे, बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ स्नान कर रामलला के दर्शन के लिए निकले युवकों का प्रतापगढ़ नेशनल हाईवे पर ड्राइवर की आंखें झपकने से भीषण सड़क दुघर्टना घटी थी, जिसमें अभिषेक ओझा भदानीनगर,सौरभ कुमार जवाहर नगर, सनाउल्लाह ग्राम चिकोर सहित एक अन्य रांची के युवक की मौत हो गई थी, जिसके बाद सभी शव को उत्तर प्रदेश के एंबुलेंस द्वारा लाई गई। जिस बीच मृतक के घर पर सैंकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई और सभी गमहीन के आशुओं में तब्दील हो गई।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी श्री सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस दौरान उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**क्या है मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना**

झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गो को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रवाधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रवाधान शुरू किया है। अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी वहीं अब इस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना कर दिया गया है।

# पुलिस रिमांड खत्म हज़ारीबाग जेल भेजा गया गैंगस्टर विकास तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी के 48 घंटे का रिमांड पूरा हो गया है। उसे एक बार फिर हजारीबाग जेल भेज दिया गया है। लेकिन दो दिनों तक चली पूछताछ में उसने कई खुलासे किए हैं। सबसे बड़ी बात उसने यह कही है कि निशि पांडे शुद्ध रूप से राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय है। उन्हें गिरोह से कोई सरोकार नहीं है। यहां तक कि उनके पास कोई भी गलत तरीके से आमदनी नहीं पहुंचती है। विकास तिवारी ने निशांत सिंह की भूमिका पर भी पुलिस को अपना बयान दिया है।उसने अपनी तरफ से उन दोनों को क्लीन चीट देने की कोशिश की है। पूछताछ के दौरान विकास तिवारी के बयान को कलमबद्ध किया जा रहा था। लेकिन उसने किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। यह जानकारी बुधवार को पुलिस सूत्रों ने दी है।पांडे गिरोह के मुख्य



सरगना विकास तिवारी से रिमांड के दौरान स्पेशल ब्रांच, एटीएस और रामगढ़ पुलिस के द्वारा पूछताछ की गई। इस दौरान उसने गिरोह से जुड़े कई राज खोले हैं। उसने उन लोगों के नाम बताएं हैं, जो उनके संगठन के लिए काम करते हैं। कौन व्यक्ति रामगढ़ शहर में है। कौन पतरातू में और कौन किस इलाके में काम कर रहा है। सारी जानकारी उसने दी है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि विकास तिवारी ने पूछताछ में बताया कि पतरातू प्रखंड के बहुत से पत्रकार मेरे संपर्क में है। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस पत्रकार और गिरोह के सांठगांठ के भूमिका की जांच कर सकती है। जिसमें कई वरिष्ठ पत्रकार जांच के दायरे में आ सकते हैं।सूत्र बताते है कि विकास तिवारी ने यह बताया कि जेल के अंदर से ही पूरे गिरोह की कमान उसने संभाल रखी है। रामगढ़ जेल में बंद गोविंद राय और ओमप्रकाश को उसने अपना आदमी बताया है। विकास तिवारी ने यह भी कहा है की जेल के बाहर उसके संगठन का संचालन कौन कर रहा है। पुलिस अब इन सारे बिंदुओं पर जांच कर रही है।पुलिस सूत्रों के अनुसार विकास तिवारी ने पलामू डबल मर्डर केस में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने बताया है कि पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरदा गांव में दीपक साहू और भरत पांडे छुप कर रह रहे थे। उन दोनों का सांठ-गांठ अमन श्रीवास्तव गिरोह से हो गया था। इसके अलावा वे पांडे गिरोह के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे।

# पूर्व मंत्री आबो देवी को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ का अध्यक्ष एवं अवधेश कुमार को महामंत्री बनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ की सामान्य बैठक गुरुवार को शास्त्री नगर जामाडोबा स्थित संघ के कार्यालय में संपन्न हुआ। बीसीसीएल के विभिन्न एरिया एवं कोलियरियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री आबो देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। निर्वाचन पदाधिकारी काशीनाथ प्रसाद के नेतृत्व में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन में कार्यकारिणी कमेटी का निर्वाचन हुआ। इसमें पूर्व मंत्री आबो देवी को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया। सुनील सिंह एंव गंगा सिंह उपाध्यक्ष, गनौरी मिस्त्री कार्यकारी अध्यक्ष, अवधेश कुमार महामंत्री, उदय शर्मा संयुक्त महामंत्री, कामेश्वर सिंह सचिव, रामानंद प्रसाद कोषाध्यक्ष एवं शंकर सिंह कार्यालय प्रभारी सहित कार्य समिति के 12 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित किए गए। आम सभा में राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ को कोल कंपनी के सभी अनुसंगी कमेटी में शामिल करने, मजदूर विरोधी नीतियों को बंद करने, मेडिकल अनफिट 9.4.0. का लाभ आश्रितो को देने का प्रावधान को चालू कर करने परिवर्तित श्रम कानून को वापस लिया लेने, मृत श्रमिक आश्रितों के नियोजन मामले का निष्पादन में तेजी लाने, फीमेल वीआरएस के तक लंबित मामलों का नियोजन आदेश पारित करने, बीसीसीएल के अधीन लैंड लूजर और फायर एरिया में निवास करने वाले लोगों का पुनर्वास विस्थापन तथा नियोजन के स्थाई व्यवस्था करने, राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 को अविलंब संपन्न कराने समेत कुल 15 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सभा में पूर्व मंत्री आबो देवी, अवधेश कुमार, सुनील सिंह, उदय शर्मा, सुमेश कुमार, कामेश्वर सिंह, रंजीत यादव उर्फ गुड्डू, सुदेशना बाउरी, मो अनीश, मदन तांती, दिवाकर, संजय गिरी, राजीव रंजन, रामउग्रह शर्मा, देवेन्द्र यादव, फैजान करीम, विनोद यादव, बबलू यादव आदि उपस्थित थे।




# डीएवी बनियाहीर मे रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी बनियाहीर मे रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रचार्य एज़ाज अहमद के उद्बबोधन से प्रारम्भ हुआ। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन मे छोटी-छोटी बचत के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निक्की कुमारी (प्रबंधक भारतीय रिजर्ब बैंक) तथा जनपद प्रभारी अमनदीप गुप्ता रहे। निक्की कुमारी ने अनेक छोटी बचत योजनाओं के बारे मे उपस्थित छात्रों को जानकारी दी और साथ ही वित्तीय निवेश के जोखिमों से भी अवगत कराया। उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही अनेक बचत योजनाओं के विषय मे भी जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराधियों के द्वारा हो रही आर्थिक धोखाधड़ी से भी सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर बच्चों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा 9वीं के छात्रङ्कछात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में सोनी कुमारी, सोनाक्षी कुमारी आदित्य कुमार, नमन कुमार, अर्चना कुमारी, अफमा व अन्य सहित कुल मिलाकर 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस ज्ञान वर्धक व सकारात्मक आर्थिक दृष्टिकोण से उपयोगी कार्यक्रम के लिए प्राचार्य ने रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के उपस्थित सभी अधिकारियो के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पाणिनि, सुमन पाठक, अरविन्द कुमार उपाध्याय, राकेश धर और अंकिता तिवारी आदि का विशेष रूप से योगदान रहा।



## भाकपा माले ने कॉमरेड मनोज साव को दिया श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को भाकपा माले कार्यालय पुराना बाजार टेंपल रोड में जिला सचिव कामरेड बिंदा पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता कामरेड मनोज साव के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि पलीट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड हलधर महतो उपस्थित थे।अपने वक्तव्य में हलधर महतो ने कहा कि कामरेड मनोज साव लाल झंडा के सच्चे सिपाही तथा सिद्धांत एवं संघर्ष में हमेशा साथ रहे और एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उनके अंतिम दम तक लाल झंडा के प्रति समर्पित की भावना देखी गई। आज कॉमरेड मनोज साव जैसे एक सच्चे क्रांतिकारी कम्युनिस्ट के निधन पर संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। आने वाला युवा पीढ़ी को इससे प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अंत में चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे भारत को हर प्रकार शोषण से मुक्ति के लिए लोगों को प्रेरित करते रहे। बैठक में राज्य सदस्य एम पाल, जिला सचिव बिंदा पासवान, सुभाष प्रसाद सिंह, सुभाष चटर्जी, राणा चट्टराज, रामलाल दा, विश्वजीत राय, नरेश पासवान, धर्म बाउड़ी, सुरेश पासवान, शिवालक पासवान आदि लोग शामिल थे।



## जय बाबा बर्फानी सेवा दल ने कुंभनाथ सिंह का किया स्वागत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हीरापुर हटिया में जय बाबा बर्फानी सेवा दल ने महाशिवरात्रि के पावन उत्सव पर प्रसाद, ठंडई, जल इत्यादि के माध्यम से भगवान शिवजी की बारात में शामिल शिव भक्तों का भरपूर सेवा स्वागत किया। इस अवसर पर कमेटी के द्वारा हटिया रोड में भगवान शिव पार्वती की आकर्षक पंडाल आकर्षण का केंद्र था। आकर्षक विद्युत साज़ सज्जा की गई थी। कमेटी के बने मंच पर समाजसेवी कुंभनाथ सिंह समेत अन्य शिव भक्तों को अंग वस्त्र ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कुंभनाथ सिंह ने कहा भगवान शिव ही गुरु है। साथ ही सभी शिव भक्तों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। कमेटी का नारा था बाबा तेरा रूप निराला चौपाटी में डेरा डाला। शिवभक्तों द्वारा जमकर हर हर महादेव का नारा लगाया गया। जय बाबा बर्फानी सेवा दल के राजा बाबू, संजय सिंह, नागू साव विक्की बनर्जी, आदित्य कुमार, रितेश कुमार, विक्की साव, अमित कुमार समेत सभी सदस्य शिव भक्तों के सेवा में सक्रिय थे।



## जगदेव जागरण रथ की रविंदर वर्मा ने हर्षोल्लास के साथ दिया विदाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संत कुमार सिंह जो पटना से चल कर पूरे झारखंड के जिलों का भ्रमण करने के बाद बुधवार को धनबाद पहुंचे। जिन्हें रवींद्र वर्मा के आवास पर ठहराने की व्यवस्था की गई। गुरुवार को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ जगदेव जागरण रथ की विदाई की गई। जिसका संचालन झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष लाल बाबू सिंह ने किया। कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव रविंद्र कुमार वर्मा ने पूरा हौसला अफजाई की और क्रांतिकारी अभिनंदन के साथ बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने और दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक को और गरीबों के हित के लिए सभी समाज के लोगों को आगे आने का अह्वान किया और अपने संबोधन में जगदेव बाबू के त्याग तपस्या वीरता बलिदान के लिए उनको शत-शत नमन किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से जितेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार प्रसाद, इंद्रजीत प्रसाद, राम जी कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, यशपाल सिंह, कुशवाहा तथा अन्य लोग उपस्थित थे ।



## बड्स गार्डेन स्कूल में खेलो इंडिया महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को बड्स गार्डेन स्कूल राजगंज के विशाल फुटबॉल के मैदान में भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अधीन खेलो इंडिया के तहत बालिका वर्ग के 13, 15 और 17 वर्ष आयु सीमा के बीच अस्मिता फुटबॉल लीग फाइनल मैच संपन्न हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड फुटबॉल संघ के सचिव गुलाम रब्बानी, धनबाद खेल पदाधिकारी, उमेश लोहरा, साई रांची के असिस्टेंट कोच हबीब अली, साई रांची, टूरिस्ट डिपार्टमेंट के संतोष कुमार,धनबाद फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मो.सलाउद्दीन, एवं जॉइंट सेक्रेटरी शुभंकर, स्टेट कोऑर्डिनेटर आशीष बॉस फुटबॉल के जाने-माने रेफरी उदय मिश्र एवं झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के एच ओ आर, फरीद खान को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बड्स गार्डेन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंजिल तक पहुंचाना चाहते हैं।इस प्रतियोगिता में सभी विजेता टीम को भारत सरकार की ओर से प्रथम पुरस्कार के रूप में पचास हजार रुपए और द्वितीय पुरस्कार के रूप में तीस हजार रुपए कैश प्राइज मिला। साथ ही बेस्ट प्लेयर को दस हजार रुपए सालाना भी मिलेगे। इस खेलो इंडिया कार्यक्रम का फाइनल मैच कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम सचिव प्रमोद चौरसिया एवं साथ में उनके सहयोगी संजय तिवारी, जितेंद्र रवानी, रविंद्र महतो आदि का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन का कार्य अजय रावत कर रहे थे। इस दौरान सभी खिलाड़ियों में उत्साह देखी गई एवं दर्शन दीर्घा में काफी फुटबॉल प्रेमी मौजूद थे।

## नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन), –सह– उप निदेशक खान का कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग।

### –: सूचना :–

नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन)–सह– उप निदेशक, खान का कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग जिला के खनिज अनुदान/पट्टा संबंधी बकाएदारों के विरूद्ध सरकारी राजस्व का भुगतान नहीं होने के फलस्वरूप कुर्की वारन्ट निर्गत किया गया है, जिसका थानावार विवरणी निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | कुर्की वारंट | नी0 पत्र मुकदमा संख्या | बकायेदार का नाम | बकाया नी0 पत्रित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (थाना–ईचाक) | | | | |
| 1 | कुर्की वारंट | 51/87-88 | (1) श्री परवील महतो, (2) श्री बद्री प्रसाद, पिता श्री जगरनाथ महतो, ग्राम–गुंजा, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 23,239.00 |
| 2 | कुर्की वारंट | 24/88-89 | श्री गोबिन्द मेहता, पिता श्री वासुदेव मेहता, ग्राम–गुंजा, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 27,998.00 |
| 3 | कुर्की वारंट | 25/88-89 | श्री बद्री प्रसाद, पिता श्री सहदेव प्रसाद, ग्राम– चपरख, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 27,998.00 |
| 4 | कुर्की वारंट | 43/93-94 | श्री सुनील कुमार, पिता श्री केदार मेहता, ग्राम–डुमरौन, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,23,693.00 |
| 5 | कुर्की वारंट | 05/95-96 | श्री किशोरी मेहता, पिता श्री बद्री मेहता, ग्राम–गुंजा, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,25,710.00 |
| 6 | कुर्की वारंट | 08/95-96 | श्री अर्जुन मेहता, पिता श्री रीतन मेहता, ग्राम–दांगी, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,25,710.00 |
| 7 | कुर्की वारंट | 11/95-96 | (1)श्री बालेश्वर मेहता, पिता स्व0 महावीर मेहता, (2)श्री भिखल मेहता, पिता स्व0 नान्हू मेहता, दोनों का ग्राम–गुंजा, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,28,069.00 |
| 8 | कुर्की वारंट | 48/95-96 | श्री जयनारायण महतो, पिता श्री कैलू महतो, ग्राम–कारीमाटी, पो0–थाना– ईचाक,जिला– हजारीबाग | 38,799.00 |
| 9 | कुर्की वारंट | 47/96-97 | श्री मनोहर महतो, पिता श्री बाबुलाल महतो, ग्राम– हदारी, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 1,35,852.00 |
| 10 | कुर्की वारंट | 13/97-98 | श्री मनोहर मेहता, पिता श्री सुखलाल मेहता, ग्राम–हदारी, पो0–थाना– ईचाक, हजारीबाग। | 4,31,903.00 |
| 11 | कुर्की वारंट | 14/97-98 | (1) श्री प्रभु मेहता, पिता श्री प्रयाग मेहता, (2) श्री नरेश मेहता, पिता श्री रुपो महतो, दोनों का ग्राम– गुंजा, पो0– थाना– ईचाक, जिला–हजारीबाग। | 4,18,485.00 |
| 12 | कुर्की वारंट | 07/99-00 | श्री मनोहर मेहता, पिता श्री सुखलाल मेहता, ग्राम–हदारी, पो0–थाना– ईचाक, हजारीबाग। | 22,816.00 |
| 13 | कुर्की वारंट | 17/99-00 | श्री मनोहर मेहता, पिता श्री सुखलाल मेहता, ग्राम–हदारी, पो0–थाना– ईचाक, हजारीबाग। | 1,15,380.00 |
| 14 | कुर्की वारंट | 16/04-05 | 1) श्री शंकर महतो, पिता श्री वासुदेव महतो, (2) श्री छत्रु महतो पिता श्री हिरामन महतो, ग्राम–गुंजा, पो0+थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 99,458.00 |
| 15 | कुर्की वारंट | 14/06-07 | मेसर्स मेहता मिनरल्स पार्टनर श्री मनोज प्रसाद मेहता, पिता श्री यमुना प्र0 मेहता, ग्राम–पो0– डुमरौन, थाना– ईचाक, जिला–हजारीबाग | 4,76,866.00 |
| 16 | कुर्की वारंट | 18/06-07 | श्री लाला रविदास, पिता श्री बबुनी रविदास, ग्राम–पो0–डुमरौन, थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,41,755.00 |
| 17 | कुर्की वारंट | 38/06-07 | श्री अतुल कुमार देव, पिता श्री राम रक्षा देव, ग्राम–पो0–पुनाई, थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,63,978.00 |
| 18 | कुर्की वारंट | 02/09-10 | श्री लाला रविदास, पिता श्री बबुनी रविदास, ग्राम–पो0–डुमरौन,थाना– ईचाक,जिला– हजारीबाग। | 2,34,205.00 |
| 19 | कुर्की वारंट | 09/09-10 | श्री गेन्दो महतो, पिता श्री तिलक महतो, ग्राम–पो0–डुमरौन, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 1,21,36,448.00 |
| 20 | कुर्की वारंट | 12/09-10 | श्री नारो महतो, पिता श्री केदार महतो, ग्राम–पो0–डुमरौन, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 28,60,230.00 |
| 21 | कुर्की वारंट | 13/09-10 | श्री बिनोद मेहता, पिता श्री डोमन महतो ग्राम–पो0–डुमरौन, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 38,60,853.00 |
| 22 | कुर्की वारंट | 17/09-10 | श्री भूखन मेहता, पिता श्री सोना महतो, ग्राम–पो0–डुमरौन, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 25,43,180.00 |
| 23 | कुर्की वारंट | 21/10-11 | 1.श्री लालधारी मेहता, पिता श्री इन्दर महतो, ग्राम–गुंजा, पो0–थाना–ईचाक, हजारीबाग। 2. श्री अशोक मेहता, पिता श्री उगन प्र0 मेहता, 3.श्री विजय प्रसाद, पिता श्री बुटी महतो, ग्राम–पो0–हदारी,थाना– ईचाक, हजारीबाग | 1,71,918.00 |
| 24 | कुर्की वारंट | 63/10-11 | श्री केदार नाथ मेहता, ग्राम–पो0–डुमरौन, थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 47,503.00 |
| 25 | कुर्की वारंट | 13/17-18 | श्री लक्ष्मण महतो, पिता स्व0 परमेश्वर महतो ग्राम–पो0–झरपो, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 1,05,928.00 |
| 26 | कुर्की वारंट | 16/18-19 | श्री कुलदीप प्रसाद मेहता, पिता श्री लालधारी महतो ग्राम+पो0–बरियठ, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 1,53,746.00 |
| 27 | कुर्की वारंट | 17/18-19 | श्री विनय कश्यप,, पिता सीताराम कश्यप ग्राम– सिझुआ, पो0–बरियठ, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 1,53,796.00 |
| 28 | कुर्की वारंट | 18/18-19 | श्री राजेन्द्र मेहता, पिता स्व0 नेमधारी महतो ग्राम– सिझुआ, पो0–बरियठ, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 17,09,733.00 |
| 29 | कुर्की वारंट | 19/18-19 | 1. श्री राजेन्द्र मेहता, पिता स्व0 नागो महतो, 2. श्री रामचन्द्र मेहता, पिता स्व0 पियास महतो, ग्राम– सिझुआ, पो0–बरियठ, थाना– ईचाक, हजारीबाग | 4,58,46,752.00 |
| 30 | कुर्की वारंट | 20/18-19 | श्री रामचन्द्र मेहता, पिता स्व0 पियास महतो, ग्राम– सिझुआ, पो0+थाना– ईचाक जिला–हजारीबाग। | 3,92,245.00 |
| 31 | कुर्की वारंट | 01/21-22 | मेसर्स जे0बी0सी0 साझेदार, (1) श्री लोकनाथ प्रसाद मेहता, पिता श्री रामेश्वर मेहता, ग्राम–गुंजा, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,73,987.00 |
| (थाना– सदर ) | | | | |
| 32 | कुर्की वारंट | 10/81-82 | श्री जगदीश साव, पिता श्री बढ़न साव, ग्राम–हुरहुरु, पो0–थाना–सदर, जिला– हजारीबाग। | 16,747.00 |
| 33 | कुर्की वारंट | 09/86-87 | श्री राम कुमार मेहता, पिता श्री डी0 टी0 मेहता, ग्राम– लक्ष्मी निवास, पो0–हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग। | 11,368.00 |
| 34 | कुर्की वारंट | 26/86-87 | श्री सुधाकर वर्मा, पिता स्व0 विलास वर्मा, ग्राम–पार्क रोड, हजारीबाग, पो0–हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग। | 2,42,107.00 |
| 35 | कुर्की वारंट | 37/86-87 | श्री अनवर हुसैन, पिता श्री एम0 हुसैन, ग्राम–कसाई मुहल्ला पो0–हजारीबाग थाना– सदर, हजारीबाग। | 18,081.00 |
| 36 | कुर्की वारंट | 38/86-87 | श्री अनवर हुसैन, पिता श्री एम0 हुसैन, ग्राम–कसाई मुहल्ला पो0–हजारीबाग थाना– सदर, हजारीबाग। | 12,651.00 |
| 37 | कुर्की वारंट | 97/88-89 | श्री कमरुदीन, पिता श्री खदीम हुसैन, ग्राम–मण्डई, पो0–रिफोरमैट्री स्कूल हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग। | 29,374.00 |
| 38 | कुर्की वारंट | 25/91-92 | श्री बालेश्वर महतो, पिता श्री विशेश्वर महतो, मो0 दीपूगढ़ा ,थाना– सदर, पो0–जिला–हजारीबाग | 28,798.00 |
| 39 | कुर्की वारंट | 29/92-93 | श्री बालेश्वर महतो, पिता श्री विशेश्वर महतो, मो0 दीपूगढ़ा ,थाना– सदर, पो0–जिला–हजारीबाग | 1,20,663.00 |
| 40 | कुर्की वारंट | 76/92-93 | श्री बिनोद कुमार गुप्ता, पिता श्री सुरज किशोर गुप्ता, महावीर स्थान हजारीबाग के पास ,थाना– सदर, पो0–जिला–हजारीबाग | 74,271.00 |
| 41 | कुर्की वारंट | 23/93-94 | श्री जिशान अहम्मद, पिता श्री के0 अहमद, ग्राम– जमा मस्जिद रोड, पो0–हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग | 48,466.00 |
| 42 | कुर्की वारंट | 111/93-94 | श्री बिनोद कुमार गुप्ता, पिता श्री सुरज किशोर गुप्ता, ग्राम– महावीर स्थान चौक के पास, पो0–हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग | 93,085.00 |
| 43 | कुर्की वारंट | 134/93-94 | श्री अनील कुमार, पिता श्री एम0 पी0 चन्द्रा, ग्राम– कनहरी बिला, कनहरी ही पथ, पो0– हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग | 1,08,447.00 |
| 44 | कुर्की वारंट | 67/94-95 | श्री कनेडी मित्तल, पिता स्व0 ई0एफ0 मित्तल, मो0– मिशन अस्पताल के पास, थाना– सदर, पो0+जिला– हजारीबाग। | 3,68,725.00 |
| 45 | कुर्की वारंट | 17/00-01 | श्री भोला प्रसाद गुप्ता, पिता श्री नन्द किशोर गुप्ता, ग्राम–बडम बाजार, पो0–हजारीबाग, थाना– सदर, जिला– हजारीबाग | 1,25,508.00 |
| 46 | कुर्की वारंट | 24/02-03 | मेसर्स रौशन ब्रिक्स वर्क्स श्री रौशन आलम, पिता श्री मोफिजर रहमान, ग्राम–पगमिल, पो0–हजारीबाग, थाना–सदर, जिला–हजारीबाग। | 1,14,318.00 |
| 47 | कुर्की वारंट | 05/03-04 | श्री बजरंगी गोप, पिता श्री अशोक गोप, ग्राम–बडकागांव रोड सरदार चौक, पो0–हजारीबाग, थाना– सदर,जिला– हजारीबाग | 4,78,971.00 |
| 48 | कुर्की वारंट | 02/08-09 | श्री राजीव कुमार, पिता श्री आर0 के0 मेहता, मो0– रविन्द्र पथ,, थाना– सदर, पो0– जिला– हजारीबाग। | 15,09,569.00 |
| (थाना– कोर्रा ) | | | | |
| 49 | कुर्की वारंट | 85/87-88 | श्री अरबिन्द कुमार सिंह, पिता श्री दामोदर प्रसाद, ग्राम–मण्डई, पो0–कोर्रा, थाना– कोर्रा टी0ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 8,146.00 |
| 50 | कुर्की वारंट | 14/10-11 | श्री चित्रगुप्त सिंह, पिता श्री माधो सिंह, मुहल्ला – श्याम सुन्दर नगर कोर्रा, पो0– हजारीबाग, थाना– कोर्रा ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 4,21,406.00 |
| (थाना– मुफस्सिल) | | | | |
| 51 | कुर्की वारंट | 19/90-91 | श्री लखन साव, पिता श्री जानकी साव, ग्राम–पो0–हुडहुरु, थाना– मुफ्फसील, हजारीबाग | 8,329.00 |
| 52 | कुर्की वारंट | 90/95-96 | श्री सुरेन्द्र कुमार, पिता श्री बी0एन0प्रसाद, ग्राम–पो0–हरनगंज, थाना– मुफ्फसिल, जिला– हजारीबाग। | 1,35,810.00 |
| 53 | कुर्की वारंट | 40/95-96 | श्री विरेस कुमार, पिता श्री मुरली सिंह, ग्राम– पो0– मोरांगी, थाना– मुफ्फसिल, जिला– हजारीबाग। | 84,488.00 |
| 54 | कुर्की वारंट | 11/01-02 | 1.श्री जय नाथ प्रसादमेहता, पिता श्री बुधन महतो, ग्राम–जगदीशपुर, पो0–रोला, थाना–मुफ्फसील, हजारीबाग श्री अजय प्रसाद मेहता, पिता श्री भुनेश्वर प्र0 मेहता, ग्राम– बरासी, पो0–रोला, थाना–मुफ्फसील, हजारीबाग | 1,11,276.00 |
| 55 | कुर्की वारंट | 09/10-11 | श्री पप्पु कुमार, पिता श्री छत्रु प्रजापति 2.श्री सुनील कुमार, पिता श्री भीम प्रजापति, ग्राम–मुकुन्दगंज, पो0–वभनवै,थाना–मुफ्फसिल ,जिला– हजारीबाग | 88,419.00 |
| 56 | कुर्की वारंट | 11/10-11 | श्री निर्मल महतो, पिता श्री महावीर महतो, ग्राम–हुपाद, पो0–बन्हानवादा, थाना– मुफ्फसिल, जिला– हजारीबाग | 1,26,110.00 |
| 57 | कुर्की वारंट | 18/10-11 | श्री पप्पु कुमार, पिता श्री छत्रु प्रजापति 2.श्री सुनील कुमार, पिता श्री भीम प्रजापति, ग्राम–मुकुन्दगंज, पो0–वभनवै,थाना–मुफ्फसिल ,जिला– हजारीबाग | 86,907.00 |
| 58 | कुर्की वारंट | 03/17-18 | 1.देवेन्द्र साव, पिता स्व0 जगेश्वर साव 2.श्री संजय कुमार, पिता श्री चिरागी साव, ग्राम–तुम्बा, पो0–मोरांगी, थाना– मुफ्फसील, जिला– हजारीबाग। | 1,09,131.00 |
| (थाना– बडकागाँव) | | | | |
| 59 | कुर्की वारंट | 139/90-91 | श्री गुरु दयाल महतो(प्रमुख) पिता स्व0 करम महतो, ग्राम–पो0–थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 87,636.00 |
| 60 | कुर्की वारंट | 143/90-91 | श्री गया सिंह, पिता स्व0 यदुनन्दन सिंह, ग्राम–पो0–अम्बाजीत, थाना– बडकागांव, जिला– हजारीबाग। | 2,96,354.00 |
| 61 | कुर्की वारंट | 129/90-91 | श्री नथु दयाल महतो, पिता स्व0 करम महतो, ग्राम–पो0–थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 5,458.00 |
| 62 | कुर्की वारंट | 54/91-92 | श्री नथु दयाल महतो, पिता स्व0 करम महतो, ग्राम–पो0–थाना– बडकागांव, जिला– हजारीबाग | 11,520.00 |
| 63 | कुर्की वारंट | 14/99-00 | (1) श्री असगर अली, पिता श्री मो0 कासीम, ग्राम–पो0–थाना–बडकागांव, जिला– हजारीबाग। | 1,15,003.00 |
| 64 | कुर्की वारंट | 05/04-05 | श्री मिशन सिंह, पिता श्री रामनाथ सिंह, ग्राम–पो0–अम्बाजीत, थाना– बडकागांव, हजारीबाग। | 94,403.00 |
| 65 | कुर्की वारंट | 50/04-05 | 1 श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, पिता श्री राम विजय सिंह, 2 श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता श्री दशरथ साव, दोनों का ग्राम–सिकरी, पो0– थाना–बडकागांव, हजारीबाग। | 1,03,845.00 |
| 66 | कुर्की वारंट | 28/04-05 | श्री बिनोद कुमार मेहता, पिता श्री टहल महतो, ग्राम–गोन्दलपुरा,पो0–बादम, थाना–बडकागांव, हजारीबाग। | 91,055.00 |
| 67 | कुर्की वारंट | 05/04-05 | श्री मिशन सिंह, पिता श्री रामनाथ सिंह, ग्राम–पो0–अम्बाजीत, थाना– बडकागांव, हजारीबाग। | 94,403.00 |
| 68 | कुर्की वारंट | 50/04-05 | 1 श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, पिता श्री राम विजय सिंह, 2 श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता श्री दशरथ साव, दोनों का ग्राम–सिकरी, पो0– थाना–बडकागांव, हजारीबाग। | 1,03,845.00 |
| 69 | कुर्की वारंट | 56/06-07 | श्री अजहर इमाम, पिता श्री हसन ईमाम, ग्राम–पो0–बादम, थाना– बडकागांव, जिला– हजारीबाग | 25,941.00 |
| 70 | कुर्की वारंट | 64/06-07 | श्री बन्धु महतो, पिता स्व0 मेगन महतो, ग्राम–अराहरा, पो0–थाना–बडकागांव, जिला– हजारीबाग। | 77,324.00 |
| 71 | कुर्की वारंट | 66/06-07 | श्री रवि राम, पिता श्री मालो राम, ग्राम–पो0–थाना–बडकागांव, जिला–हजारीबाग | 78,626.00 |
| 72 | कुर्की वारंट | 13/10-11 | कुसुम स्टोन चिप्स इण्डस्ट्रीज प्रो0 श्रीमती कुसुम लता रानी, पत्नी श्री बिहारी प्रसाद, ग्राम–कोयलंग पतरा, पो0–गोसाई बलिया, थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 11,90,458.00 |
| 73 | कुर्की वारंट | 03/13-14 | श्री समीर पाठक, पिता श्री विन्देश्वरी सिंह, ग्राम–पो0–अम्बाजीत, थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 96,178.00 |
| 74 | कुर्की वारंट | 14/13-14 | श्री भोला महतो, पिता स्व0 ठाकुर महतो, ग्राम–सोनपुरा, पो0–सॉढ, थाना– बडकागांव, जिला– हजारीबाग | 1,27,400.00 |
| 75 | कुर्की वारंट | 06/17-18 | श्री शंकर राणा, पिता श्री महेश राणा, ग्राम– सोनपुरा,पो0–साढ़ थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 1,06,390.00 |
| 76 | कुर्की वारंट | 07/17-18 | श्री राजेश कुमार, पिता श्री राम नरेश सिंह,ग्राम–उरुब, पो0–कण्डाबेर, थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 1,06,365.00 |
| 77 | कुर्की वारंट | 08/17-18 | श्री समीर पाठक उर्फ भोला सिंह, पिता श्री बिन्देश्वरी सिंह उर्फ मिशन सिंह, ग्राम–पो0–अम्बाजीत, थाना–बडकागांव, हजारीबाग | 1,06,365.00 |
| 78 | कुर्की वारंट | 09/17-18 | श्री शम्भु नाथ महतो, पिता श्री कल्लू महतो, ग्राम–पो0–बादम, थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 66,008.00 |
| 79 | कुर्की वारंट | 10/17-18 | श्री बिनोद कुमार महतो, पिता टहल महतो, ग्राम– गोन्दलपुरा, पो0–बादम, थाना– बडकागांव, हजारीबाग | 1,06,365.00 |
| 80 | कुर्की वारंट | 14/17-18 | श्री अजीत कुमार, पिता श्री मुखी महतो, ग्राम–विश्रामपुर,पो0–सांढ़, थाना–बडकागांव, जिला– हजारीबाग। | 1,05,752.00 |
| 81 | कुर्की वारंट | 18/17-18 | श्री बन्टी सिंह उर्फ प्रभाकर कुमार, पिता श्री अशोक सिंह, ग्राम–पो0–अम्बाजीत, थाना– बडकागांव, जिला– हजारीबाग। | 36,731.00 |
| (थाना– पदमा ओ0 पी0) | | | | |
| 82 | कुर्की वारंट | 74/86-87 | श्री गणेश महतो, पिता स्व0 सोनु महतो, पो0–सूर्यपुरा, थाना–पदमो ओ0पी0, जिला– हजारीबाग | 22,618.00 |
| 83 | कुर्की वारंट | 97/90-91 | सर्वश्री मेहता ब्रिक्स वर्क्स प्रो0श्री गोविन्द प्रसाद मेहता, पिता श्री चेतलाल महतो, ग्राम– करमा, पो0–सूरजपुरा, थाना– पदमा ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 21,414.00 |
| 84 | कुर्की वारंट | 69/92-93 | श्री गोविन्द प्रसाद मेहता, पिता श्री चेतलाल महतो, ग्राम– तिलिर करमा, पो0–जीहू, थाना–पदमा ओ0 पी0, जिला– हजारीबाग। | 74,895.00 |
| 85 | कुर्की वारंट | 34/04-05 | मेसर्स जय माता दी ब्रिक्स प्रो0 श्री अजय प्रसाद मेहता, पिता श्री प्रयाग प्रसाद मेहता, ग्राम– पो0–पदमा, थाना–पदमा ओ0पी0, जिला–हजारीबाग। | 70,241.00 |
| 86 | कुर्की वारंट | 01/10-11 | श्री अजय कुमार मेहता, पिता श्री प्रयाग मेहता, ग्राम–पो0–पदमा, थाना–पदमा ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 1,17,583.00 |
| 87 | कुर्की वारंट | 15/10-11 | श्री अजय कुमार मेहता, पिता श्री प्रयाग मेहता, ग्राम– पो0– पदमा, थाना–पदमा ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 15,68,538.00 |
| (थाना– पेलावल) | | | | |
| 88 | कुर्की वारंट | 03/89-90 | श्री सैयद इफतीखारन उद्दीन, पिता श्री जैनुल उद्दीन, ग्राम–आजाद नगर, पो0–पेलावल, थाना– पेलावल ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 18,026.00 |
| 89 | कुर्की वारंट | 04/89-90 | मो0 मजाहीर ईकबाल, पिता मो0 एम0 ए0 कबीरी, ग्राम–पो0–पेलावल, थाना– पेलावल ओ0पी0, जिला–हजारीबाग। | 28,931.00 |
| 90 | कुर्की वारंट | 39/89-90 | मो0 मजाहीर ईकबाल, पिता मो0 एम0 ए0 कबीरी, ग्राम–पो0–पेलावल, थाना– पेलावल ओ0पी0, जिला–हजारीबाग। | 1,93,477.00 |
| 91 | कुर्की वारंट | 107/90-91 | मे0 शाहबाज अख्तर, पिता श्री अब्दल वाहीद, ग्राम–आजाद नगर पेलावल, पो0–पेलावल, थाना– पेलावल ओ0पी0, हजारीबाग। | 22,226.00 |
| 92 | कुर्की वारंट | 87/95-96 | मो0 शाहबाज अख्तर, पिता मो0 अब्दुललतीफ, ग्राम– आजाद नगर पेलावल,पो0– पेलावल, थाना– पेलावल ओ0पी0 ,जिला– हजारीबाग। | 1,13,050.00 |
| 93 | कुर्की वारंट | 54/96-97 | श्री रौशन आलम, पिता श्री मुफिजुर रहमान, ग्राम–पगमल, पो0–पेलावल, थाना–पेलावल ओ0पी0, हजारीबाग। | 1,39,333.00 |
| 94 | कुर्की वारंट | 14/99-00 | (2) श्री सुरेन्द्र कुमार यादव, पिता श्री पॉचू गोप (मुखिया), ग्राम–सिरका, पो0 – लीलीनगर, थाना– पेलावल, जिला– हजारीबाग। | 1,15,003.00 |
| 95 | कुर्की वारंट | 26/10-11 | मो0 फारुक, पिता मो0 मकबुल, ग्राम–आजाद नगर पेलावल, पो0– पेलावल, थाना– पेलावल ओ0पी0, जिला– हजारीबाग | 5,19,938.00 |
| (थाना– चन्दवारा) | | | | |
| 96 | कुर्की वारंट | 09/18-19 | मेसर्स एन0आर0बी0 स्टोन वर्क्स प्रो0 श्री बिनोद कुमार यादव, पिता श्री लालधारी यादव, ग्राम–पो0–ढाब थाम, वार्ड नं0–02, थाना– चन्दवारा, जिला– कोडरमा। | 11,96,854.00 |
| 97 | कुर्की वारंट | 14/18-19 | 1.श्री भोला यादव,, पिता श्री सीताराम यादव, 2. श्री रंजीत यादव, पिता श्री भरत यादव, ग्राम–ढाब, पो0–ढाब थाम, थाना– चन्दवारा, कोडरमा। | 13,68,349.00 |
| (थाना–केरेडारी) | | | | |
| 98 | कुर्की वारंट | 38/91-92 | श्री विजय कुमार सिंह, पिता श्री गोविन्द सिंह, ग्राम– बेला, पो0–थाना– केरेडारी, जिला– हजारीबाग | 12,589.00 |
| (थाना– कटकमदाग) | | | | |
| 99 | कुर्की वारंट | 22/00-01 | श्री रमेश कुमार उर्फ पाण्डेजी, पिता श्री सहदेव राम, ग्राम–फतहा, पो0– लीलानगर, थाना–कटकमदाग, हजारीबाग | 1,23,615.00 |
| (थाना–कटकमसांडी) | | | | |
| 100 | कुर्की वारंट | 01/21-22 | (2)श्री महेश प्रसाद मेहता, पिता स्व0 जयलाल महतो, ग्राम–पो0–लुपुंग, थाना– कटकमसांडी, जिला– हजारीबाग | 1,73,987.00 |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी,(खनन), हजारीबाग के न्यायालय को सूचित करें अन्यथा वारंट तामिला कर दिया जायेगा।

ह0/-
नीलाम पत्र पदाधिकारी,खनन,
हजारीबाग।

PR 347327 Mines and Geology(24-25)D

# लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की समीक्षा बैठक साहू सदन में धीरज प्रसाद साहू की अध्यक्षता में किया गया

➲आई पी एल के तर्ज पर एल पी एल टी 20 मैच का आयोजन 5 मार्च से 8 मार्च तक होगा

➲सीने स्टार सह सांसद शत्रुघन सिन्हा, अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह और सुरेश रैना रहेंगे उपस्थित

➲टीम का ड्रेस और ट्रॉफी अवलोकन लॉन्चिंग किया गया

➲क्रिकेट में राजनीती भेदभाव भूल कर जिला की ऐतिहासिक यादगार कार्यक्रम बनाना है : धीरज प्रसाद साहू

➲भारत के सात राज्यों की टीम तथा लोहरदगा की एक टीम खेलेगी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में साहू सदन लोहरदगा में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सह जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा की लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाले स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल प्रतियोगिता जिला में ऐतिहासिक और यादगार होगा। क्रिकेट में राजनीती भेदभाव भूल कर सभी जिला वासियों से आग्रह होंगी की सहयोग करें ये प्रतियोगिता सिर्फ मेरा या साहू परिवार का नहीं बल्कि लोहरदगा परिवार का प्रतियोगिता है। उन्होंने बताया की लोहरदगा में आठ टीमें भाग लेंगी जिनमे कलकत्ता, दिल्ली, मुंबई, उड़ीसा, हरियाणा, बिहार, झारखण्ड और स्थानीय लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम शामिल होंगी। उन्होंने बताया की लोहरदगा के खिलाड़ियों की प्रतिभा को उभारने के निमित्त कोचिंग सेंटर स्थापित किया जायेगा जहाँ भारत के सुप्रसिद्ध कोच प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया की दिनांक 5 मार्च 2025 को प्रतियोगिता का सुभारम्भ जाने माने सीने स्टार सह सांसद शत्रुघन सिन्हा होंगे तथा उसी दिन शाम को भारत के सुप्रसिद्ध गायक अमित गुप्ता द्वारा रंगारंग कार्यक्रम संध्या 6 बजे से क्रिकेट स्टेडियम के निकट आयोजित है। साथ ही दिनांक 8 मार्च 25 को समापन अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह तथा सुरेश रैना की टीमों के बीच फाइनल मैच से पूर्व खेल होगा एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की महिला टीम के 15 महिला सदस्यों को किट और 10 अन्य महिलाओं को सिलाई मशीन हरभजन सिंह एवं सुरेश रैना के द्वारा वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अलोक रॉय ने बताया की स्टेडियम में टर्फ विकेट का निर्माण कर लिया गया है सारी तैयारी कर ली गयी है। आठ टीमों के रहने भोजन से लेकर मैच की सारी व्यवस्था कर ली गयी है इसके लिए आयोजन समितियों का गठन किया गया है जिसमे क्रिकेट स्टेडियम के पेवेलियन का नामकरण किया जायेगा स्थानीय खिलाडी जिनका क्रिकेट में योगदान में रहा है उनके नाम भी किया जायेगा। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू,भाष्कर दास गुप्ता, आशीष कुमार,डॉ. शशि गुप्ता,पूर्व प्राचार्या लोहरा उरांव,विशाल महेंद्रु,निशीथ जायसवाल ने टी शर्ट का लॉन्चिंग किया वहीँ रनिंग ट्रॉफी का अवलोकन धीरज प्रसाद साहू एवं क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी गण द्वारा किया गया,अंत में धन्यवाद ज्ञापन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा द्वारा किया गया और कहा की लोहरदगा जिला के विकास से लेकर जिला का गौरव बढ़ाने का कार्य धीरज प्रसाद साहू एवं साहू परिवार द्वारा किया जाता रहा है ऐसे में सब मिलजुल कर भेदभाव भूल कर सहयोग करें। इस अवसर पर अमित कुमार,प्रवीण प्रसाद,ओह्म प्रकाश सिंह देवशीष कार, अब्दुल जब्बारुल, अफसर कुरैशी, हाजी शकील अहमद, ऐनुल अंसारी, अयूब अली, अजय प्रजापति, कँवलजीत सिंह, अरुण राम, अरुण वर्मा, बिनय उरांव, दानिश अली, दिनेश अग्रवाल, दुर्गा प्रजापति, सरोज प्रजापति, गणेश लाल, गुलाम मुर्तज़ा, हरी उरांव, हसीन अख्तर, हिमांशु केसरी,इम्तियाज़ अंसारी, जायजीत चौबे, नीरज, निशांत, पंकज कुमार, सतीश वर्मा,जीतेन्द्र मित्तल, कमल केसरी, निश्चय वर्मा, लाल मोहन केसरी, मिथुन तमेडा, उदय गुप्ता, सुझाउद्दीन, रौनक इकबाल,रोहित तमेडा, संदीप मिश्रा, सोमा उरांव, तबारक अंसारी, तनवीर अहमद गौहर सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

## शिव बारात व झांकी के साथ आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर शिव भक्तों द्वारा आयोजित किया गया। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में शिव बारात व झांकी के साथ महाशिवरात्रि सम्पन्न हुआ। वही भक्तों द्वारा विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये कामना किया गया। प्रखंड क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव में महाशिवरात्रि पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही जगह जगह कीर्तन मंडलियों द्वारा कृतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तो कही पर कलाकारों ने भक्तों को सारी रात झूमने को विवश कर दिया। गौरतलब हो कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय प्रांगण स्थित डिपु के समीप से शिवभक्तों द्वारा ब्रम्हा, शिव, पार्वती एवं भूत पिचाश की झांकी व बरात गाजे बाजे के साथ समस्त ग्रामीणों के सहयोग से निकाला गया। जो जोगना मोड़ स्थित शिवालय में विधिवत विवाह प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। जिसे शिव बारात का जोगना ग्रामवासियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। चंदवा गढ़गांव में आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ का भजन व नागपुरी गीत संगीत में कलाकारों द्वारा भक्तों को नाचने झूमने में मजबूर कर दिया। मौके पर सैकडों बच्चे बूढ़े और महिला पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज का विकास के लिये बारह पड़हा का योगदान सराहनीय : राधा तिर्की

### मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य द्वारा बारह पड़हा बेल राजा दिवान कोटवार सदस्य को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय सेन्हा के मैदान में बारह पड़हा बेल शिव चरण उरांव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में बारह पड़हा बेल से लेकर सदस्य तक को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा आदिवासी समाज के बारह पड़हा के अगुवाओं को साल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बारह पड़हा का आदिवासी समाज का विकास के लिये सराहनीय योगदान है। जिसे बारह पड़हा बेल सेन्हा द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो कि ये समाज का एक परम्परा है। इसके तहत प्रति दिन माह में अलग अलग पड़हा द्वारा समाज में चेतना लाने के उद्देश्य से गांव गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्र कानून पेशा एक्ट को झारखंड सहित पूरे देश में संविधान के अधीन लागू कराने की मांग किया जायेगा। पेशा कानून 1996 आदिवासियों का हित में है जिसे लागू कराकर अपनाया जायेगा। जिप सदस्य द्वारा लोगों को सम्बोधित करते हुए पड़हा द्वारा शादी विवाह में दहेज नहीं लेने,आपसी छोटे छोटे विवाद को सुलझाने और खेती बटवारा के साथ साथ बेटियों का हक अधिकार कर्तव्य के साथ साथ समाजिक रिश्ते को अपनाने का अपील किया गया। साथ ही आदिवासी सभ्यता सांस्कृतिक परंपरा के साथ जुड़े रहने और नुकसान पहुंचाने वालों से सतर्क रहने बच्चे बच्चियों को शिक्षा देने के लिये भी अपील किया गया। तथा गांव में रह कर खेती बारी कर आर्थिक उन्नति करने पलायन से बचने के लिये लोगों से अनुरोध किया गया। गांव में अपराध से बचने के लिये कहा कि दुष्कर्म, हत्या, चोरी लुट को थाने में पहुंच कर सूचना देने के लिये कहा गया।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान से परेशान लोगों के लिए विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में उठाई आवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में शहर में हो रहे अतिक्रमण के लिए स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। सत्र के माध्यम से विधायक ने कहा है कि सिमडेगा शहरी में हमेशा समय समय पर चलने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान से छोटे-मोटे दुकानदार हमेशा परेशान रहते हैं। प्रशासन को भी इसको लेकर परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार तो इससे गरीब जनता की रोजी रोटी भी छीन जाती है। जबकि दुकान की व्यवस्था नहीं रहने के कारण कई बार लोग पलायन करने को विवश हो जाते हैं। शहर में सड़क किनारे दुकान, ठेला खोमचा लगाकर जीवन यापन करने वाले गरीब लोगों के लिए बार बार अतिक्रमण हटाओ अभियान स्थायी समाधान नहीं है। विधायक ने कहा है कि हाल के दिनों में शहरी आबादी तेजी से बढ़ी है। जबकि उसके अनुरूप शहर में दुकान नहीं बन पाया है। विधायक ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में एनएच के किनारे कई डिसमिल जमीन खाली पड़ी है। इस जमीन में मार्केट काम्प्लेक्स निर्माण कराया जाय। साथ ही यहाँ बने दुकान में छोटे मोटे ठेला-खोमचा लगाकर रोजी रोटी चलाने वाले लोगों को दुकान आवंटित करें। ताकि शहर अतिक्रमण मुक्त रहने के साथ साथ गरीब जनता को स्थायी दुकान मिले। उनका रोजी रोटी चले। साथ ही शहर भी सुव्यवस्थित रहे।

## व्यवहार न्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 08.03.2025 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I.Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी सचिव, डालसा लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने विहिप् के नवमनोनित अध्यक्ष रितेश कुमार से मिलकर दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के नवमनोनित अध्यक्ष रितेश कुमार के घर पहुँचकर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु के साथ साथ ज़िला युवा मोर्चा के बाल्मीकि साहू,केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मिथुन तामेड़ा ने रितेश कुमार को अंगवस्त्र ओढ़ाकर विहिप् जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि आशा है रितेश कुमार के विहिप् अध्यक्ष बनने पर पूरा ज़िला में सनातन समाज एकसूत्र में बंधेगा और सनातन एकता को मजबूती मिलेगी। रितेश कुमार समाजहित में काम करते रहने वाले एक सशक्त व कर्तव्यपरायण व्यक्तित्व के धनी है, ये यदि किसी संगठन को आगे बढ़ाने का दायित्व लेते है तो फिर अपना 100 प्रतिशत समर्पण देकर संगठन का मजबूती के लिये काम करते हैं। उम्मीद है इनके अगुवाई में जिला में सम्पूर्ण सनातन समाज एकजुट होगी और सनातन समाज को आगे बढ़ाने में पूरा साथ देगी।

## सांसद विकास कार्यों में लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्त : आलोक साहु

### बरही कोराम्बे पथ डेढ़ वर्षो से पड़ा है अधूरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत बरही से कोराम्बे भाया मुरपा, घाटा गगेया पथ का निर्माण डेढ़ वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है जिसके कारण जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।इस क्षेत्र की जनता लोहरदगा के माननीय सांसद सुखदेव भगत से इस समस्याओं से अवगत कराते हुए सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र करने की मांग किए थे। सांसद सुखदेव भगत के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू गुरुवार को इस सड़क के संवेदक विजय साहू के प्रोजेक्ट मैनेजर कुंवर सिंह से वार्ता कर उन्हें बताया कि सांसद विकास कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। डेढ़ वर्षो से सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जिससे जनता को आगमन में काफी परेशानी हो रहा है। जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश सांसद ने दिया है। प्रोजेक्ट मैनेजर कुंवर सिंह ने श्री साहू को बताया कि इचरी ग्राम में हमलोग क्रेशर लगा दिये है। आठ दिन के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का उन्होंने आश्वासन दिया।

## भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर चुनाव प्रभारी ने किया बैठक

### गठित बूथ कमिटी का किया गया समीक्षा, 6 मार्च से होंगे मंडल अध्यक्ष का चुनाव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में संगठनात्मक चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की गई, जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व सिमरिया विधायक किसुन दास एवम चुनाव अधिकारी सह किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक की शुरुवात वंदेमातरम गीत के साथ किया गया। बैठक में सभी मंडलो में हो चुके बूथ स्तरीय नयी कमिटी की समीक्षा करते हुए पारित किया गया। चुनाव अधिकारी ने सभी मंडलो में कमिटी का चुनाव 6 से 9 मार्च तक कर लेने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।इस पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है।एक छोटा कार्यकर्ता भी अपने मेहनत लगन व पार्टी निष्ठा से किसी भी पद को प्राप्त कर सकता है।उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वशनियता के कारण जन जन की पार्टी बन चुकी है।मोदी जो कहते है वह एक सौ प्रतिशत पूरा करते है। चुनाव पर्यवेक्षक किसुन दास ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक चुनाव में अनुशासन है। जो भी पदाधिकारी बनेंगे पूरी लगन से संगठन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के सच्चे सिपाही है जिनकी बदौलत आज पार्टी केंद्र समेत 20 राज्यो में भाजपा एवं एनडीए की सरकार चल रही है। श्री दास ने कहा कि लोहरदगा में हम चुनाव हारे है हिम्मत नही।हम लगातार जन सेवा में जुटे रहेंगे और आने वाले चुनाव में सांसद और विधायक बनाएंगे। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झूठे वादे के बल पर हेमन्त जी की ठगबंधन की सरकार तो बन गयी परन्तु लोग त्राहिमाम कर रहे है। लोग पूछ रहे है गैस के दाम कब कम होंगे बहनों के खाते में कब 2500 रु जमा होंगे ।गर्मी की शुरुवात में ही पेयजल की समस्या से लोग परेशान होने लगे है। बालू की समस्या से आशियाना बनाने वाले लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और लोगो को समस्या से निजात मिलेगी जैसा कि दिल्ली में हो रहा है। मौके पर सह चुनाव प्रभारी बिंदेश्वर बेक, बालकृष्णा सिंह, ओम सिंह, राजकिशोर महतो, हर्षनाथ महतो, जगनन्दन पौराणिक, अनिल उराँव सामेला भगत, संजय प्रसाद, विवेक चौहान, विवेक सोनी, सचिन कुमार, राजेन्द्र महतो, जगरनाथ राम, सुरेश बैठा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**शोक सभा का आयोजन**

गुमला जिला के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल के निधन पर जिला कार्यालय में शोकसभा का आयोजन कर गहरी सवेंदना प्रगट की गई एवम उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु दो मिनट मौन रह कर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## उपायुक्त ने की अधिकार अधिनियम से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा विभिन्न प्रखंड से प्राप्त कुल 19 सामुदायिक वन पट्टा वितरण की समीक्षा की। उन्होंने समिति के सदस्यों से सभी मामलों में पेपर की विशेष जांच कर लेने की बात कहीं।जांच में त्रुटि पाए जाने पर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी मामलों का सही आकलन करते हुए मामलों का सर्वसहमति से निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कहीं। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, सहित समिति के अन्य सदस्य गण उपस्थित है।

### कैरो प्रखंड झामुमो समिति का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने मो0 सज्जाद सचिव बनाये गये धनपत उरांव

## भाजपा प्रखंड मंत्री ने झामुमो का दामन थामा, कैरो प्रखंड सह सचिव बनाये गये संजीव शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमिटी व जिला संयोजक मण्डली के निर्देशानुसार 27 फरवरी गुरुवार को प्रखण्ड के कैरो मुहर्रम मेला टांड में झामुमो प्रखण्ड कमिटी पुनर्गठन को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य सह कैरो प्रखंड झामुमो चुनाव पर्यवेक्षक समीद अंसारी ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नीति सिंद्धान्तों की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी संगठन से जुड़कर पार्टी संगठन के हित मे कार्य करें।पार्टी संगठन में पद लेना मकसद नही होना चाहिये बल्कि सेवा का भवना होनी चाहिये जनसेवा ही हमारा लक्ष्य होनी चाहिये सभी मिलजुलकर पार्टी संगठन की हित मे कार्य करें तथा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ जन जन तक पहुंचाने का काम करें। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखण्ड कमिटी के अध्यक्ष के लिये मो सजाद, सचिव धनपत उरांव, कोषाध्यक्ष सुखदेव उरांव, उपाध्यक्षः अख्तर अंसारी, सीताराम उरांव, सह सचिव संजीव शुक्ला व सदस्य के लिये मतलूब अंसारी, राजकिशोर उरांव, मंजुल अंसारी, तौहीद अंसारी, सकलु उरांव, रेयाज अंसारी, सकील अंसारी का नाम चयन किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए जिला संयोजक मण्डली को अग्रसारित किया गया। मौके पर सभी पंचायतों के अध्यक्ष सचिव और सर्वसम्मति से नव प्रस्तावित प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत अतिथियों द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर किया गया। बैठक में अंगनु उरांव, अशोक पहान, रुपा उरांव, रिजवान अंसारी, सन्तोष कुमार, संदीप उरांव, रतिया उरांव, सनुप ठाकुर, मो सजाद अंसारी, बहु रा उरांव, रिजवान अंसारी, कमला भगताइन, सबिता उरांव, अनिता उरांव, आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में विकास समन्वय की हुई समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार मे आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजनाओं की संख्या, बिरसा सिंचाई कूप में लक्ष्य व उपलब्धि, एरिया अफसर एप में इंट्री आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य में उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया गया और दो माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध स्वीकृत किये गये योजनाओं की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आवास योजनाओं में डुप्लिकेसी को दूर करें और प्रतिवेदन दें। पीएमजनमन योजना में लाभुकों के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन चार दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी, कोषांग को दिया गया। बैठक में आवास प्लस सर्वे 2.0 और अबुआ आवास योजना की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत पूर्ण प्रतिरक्षा और पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति, सर्पदंश और रेबीज के टीके की उपलब्धता की समीक्षा की गई। आइटीडीए विभाग अंतर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25, साइकिल वितरण योजना की स्थिति की समीक्षा की गई। पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त किया गया और आवश्यक निर्देश अभियंता, आरईओ को दिये गये। भू-अर्जन विभाग अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण, लोहरदगा बाईपास पथ समेत अन्य पथों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएमएफटी अंतर्गत प्राप्त राशि और उपलब्ध राशि की समीक्षा की गई। साथ ही, डीएमएफटी प्रभारी को विज्ञान भवन, लोहरदगा में संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु शिक्षक की व्यवस्था केंद्र में कराये जाने का निदेश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को एक सप्ताह के अंतर्गत मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीटीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी, आवास योजना के जिला समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

# महाकुंभ के लिए रेलवे ने चलाईं 16 हजार ट्रेन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** महाकुंभ के समापन के कुछ घंटे बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रयागराज पहुंचे. उन्होंने प्रयागराज जंक्शन समेत कई रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की. रेल मंत्री ने रेलवे की अलग-अलग यूनिट्स की ओर से किए गए कामों का जायजा लिया और कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की. उन्होंने महाकुंभ के दौरान बेहतर काम करने वाले रेलकर्मियों की सराहना की, उनकी पीठ थपथपाई और कुछ को सम्मानित भी किया. रेल मंत्री ने कर्मचारियों से हाथ मिलाकर उनके योगदान को सराहा और कुछ कर्मचारियों को गले लगाकर उनकी मेहनत की तारीफ की.रेल मंत्री ने बताया कि महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर रेलवे के सामने बड़ी चुनौती थी. रेलवे ने इस दौरान प्रयागराज के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से 16,000 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगातार रेलवे की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते रहे. रेलवे ने इस मेगा इवेंट के लिए कई साल पहले से तैयारी शुरू कर दी थी, जिससे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकी. रेल मंत्री ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन के दौरान किसी भी इंजन, कोच या ट्रैक में कोई खराबी नहीं आई, जिससे ये आयोजन बिना किसी बाधा के संपन्न हुआ. उन्होंने मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि मीडिया की वजह से महाकुंभ का संदेश दुनिया तक पहुंचा. साथ ही ये भी कहा कि 6 साल बाद होने वाले कुंभ मेले के लिए रेलवे अभी से योजनाएं बनाएगा और बड़े स्तर पर तैयारी करेगा.रेल मंत्री ने बताया कि महाकुंभ के दौरान साढ़े चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ट्रेनों में सफर किया. उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं.

प्रयागराज दौरे के दौरान रेल मंत्री ने झांसी जाने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के यात्रियों से भी बातचीत की. उनके इस दौरे में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार और बाकी सीनियर अधिकारी भी मौजूद रहे. इस दौरे से रेलवे कर्मचारियों का हौसला बढ़ा और उनके समर्पण को सम्मान मिला.

# केंद्रीय रक्षा मंत्री से मुलाकात कर डॉ. कौशल ने उन्हें पौधा भेंट किया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली 17 अकबर रोड स्थित केंद्रीय रक्षा मंत्री के आवास पर ट्री मैन ऑफ झारखंड व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल और वीपीएसए संस्था के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुमार तिवारी ने पर्यावरण धर्म के तहत तमिलनाडु के रक्त चंदन का पौधा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भेट कर उनका स्वागत किया।केंद्रीय रक्षा मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि प्रकृति के सुखद संयोग से आज समाज के दो महान रक्षकों को एक साथ बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है । बस दोनों रक्षक में इतना फर्क है कि माननीय मंत्री जी के निर्देशन में देश की सरहद की रखवाली हो रहा है जबकि पर्यावरणविद डॉ कौशल के पौधरोपण व वितरण अभियान से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनी जीवों की सुरक्षा हो रही है। रक्षा मंत्री से वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने बताया है कि झारखंड पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में अपनी जन्मभूमि पर पर्यावरण की नई परिभाषा गढ़ने के लिए और पर्यावरण की शिक्षा देने के लिए दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कराया गया है। जहां 22 देशों की कई विलुप्त प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं। डॉ कौशल ने रक्षा मंत्री को यह भी बताया कि चंदन एक हाई ग्रीन के साथ औषधीय पौधा है।जिसे घिसकर ललाट में लगाने से शरीर का संतुलन एक समान होता है । उन्होंने यह भी बताया अभी वे उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तीन दिवसीय दौरे में दर्जनों रक्त चंदन कै पौधा देहरादून हरिद्वार , लुढ़की और मसूरी में लगाकर लौट रहे हैं। मुलाकात के दौरान संस्था के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष नीरज तिवारी व सूरज कुमार जायसवाल भी मौजूद थे।

